दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 14 | अंक : 267 | जयपुर | गुरूवार, 01 अगस्त, 2024 | श्रावण, कृष्ण पक्ष द्वादशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# वायनाड में लैंडस्लाइड से अब तक 243 मौतें, 240 लापता

## केरल को एक हफ्ते पहले अलर्ट किया था, राज्य सरकार ने ध्यान ही नहीं दिया : शाह



बढ़ता राजस्थान

**वायनाड।** केरल के वायनाड में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 243 हो गई हैं। 130 लोग अस्पताल में हैं, जबकि 240 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं। लैंडस्लाइड सोमवार देर रात 2 बजे और 4 बजे के करीब मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में हुई थीं। इनमें घर, पुल, सड़कें और गाड़ियां बह गईं। आर्मी, एयरफोर्स, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और डॉग स्क्वॉड की टीमें रेस्क्यू में जुटी हैं। देर रात तक 1 हजार लोगों का रेस्क्यू किया गया, 3 हजार लोगों को राहत शिविर में भेजा गया है। मौसम विभाग ने वायनाड के अलावा मलप्पुरम, कोझिकोड, कन्नूर और कासरगोड जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे रेस्क्यू ऑपरेशन में आज परेशानी हो सकती है। गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को संसद में बताया- 23-24 जुलाई को ही केरल सरकार को अलर्ट किया गया था, सरकार समय रहते लोगों को हटाती तो इतना नुकसान नहीं होता।

**स्कूल-कॉलेजों की छुट्टी, यूनिवर्सिटी की परीक्षाएं टलीं :** हादसे के बाद राज्य में दो दिन के राजकीय शोक की घोषणा की गई है। 12 जिलों में 30 जुलाई को स्कूल-कॉलेज में छुट्टी घोषित कर दी गई। केरल यूनिवर्सिटी ने 30 और 31 जुलाई को होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। नई तारीखों का ऐलान बाद में किया जाएगा।



### वायनाड जा रहीं हेल्थ मिनिस्टर एक्सीडेंट में घायल

**लैंडस्लाइड की घटना का जायजा लेने वायनाड जा रहीं केरल की हेल्थ मिनिस्टर वीना जॉर्ज बुधवार ( 31 जुलाई ) को सुबह करीब साढ़े 7 बजे एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गईं। उन्हें मलप्पुरम स्थित मंजेरी के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना एक स्कूटर सवार को बचाने के चलते हुई।**

### राहुल और प्रियंका गांधी ने वायनाड दौरा रद्द किया

**कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने खराब मौसम और सुरक्षा कारणों से वायनाड दौरा रद्द कर दिया है। राहुल ने आज कांग्रेस सांसदों के साथ संसद के सेंट्रल हॉल में वायनाड में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति दो मिनट का मौन रखा।**

### सेना ने दो रिसॉर्ट से 19 टूरिस्ट को बचाया

सेना ने मुंडक्कई गांव के बाहर स्थित इला रिसॉर्ट और वाना रानी रिसॉर्ट में फंसे 19 टूरिस्ट को बुधवार को निकाला। ये घटना के बाद से यहीं फंसे हुए थे। डिफेंस प्रो के मुताबिक, 122 इन्फैंट्री बटालियन मद्रास के जवानों ने रस्सियों के सहारे सभी नागरिकों को चूरलमाला तक सुरक्षित निकालने के लिए एक मानव पुल बनाया।

# संसद में खड़गे का गला भर आया

## बोले- ऐसे माहौल में जीना नहीं चाहता; भाजपा सांसद ने एक दिन पहले परिवारवाद का आरोप लगाया था



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को संसद की कार्यवाही शुरू होते ही अपने ऊपर लगाए गए परिवारवाद का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कल मैं यहां लास्ट मूमेंट में नहीं था। उस समय माननीय सदस्य घनश्याम तिवाड़ी ने सदन में एक समस्या उठाई। उनके मन में क्या था, पता नहीं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राजनीति में ये मेरा पहला जनरेशन है। परिवार में कोई और नहीं था। पिता जी ने ही मुझे पाला-पोसा। मैं उनके आशीर्वाद से ही यहां तक पहुंचा। यह कहते हुए खड़गे ने अपने पिता के बारे में कहा कि वह 95 नहीं, 85 की उम्र में गुजर गए।

इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने उनसे कहा कि मैं चाहता हूं कि 95 से भी आप आगे जाएं। इसी पर खड़गे ने भावुक होते हुए कहा कि मैं इस माहौल में ज्यादा जीना चाहता। उनका गला भर आया।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मुझे बुरा लगा तिवाड़ी जी ने कहा कि खड़गे जी का नाम मल्लूकार्जुन है, शिव का नाम है... 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। मेरा नाम पिता जी ने सोच-समझकर रखा है। खड़गे ने दावा किया कि तिवाड़ी ने उनके परिवार का जिक्र करते हुए परिवारवाद का आरोप लगाया। खड़गे ने कहा कि अगर मैं निकालूंगा... कितने यहां परिवादवाद के उदाहरण बैठे हैं। उन्होंने सभापति से कहा कि वह बात सदन की कार्यवाही से बाहर निकाली जानी चाहिए। यह कहते हुए खड़गे ने हाथ जोड़ लिए। उन्होंने कहा कि सभापति जी मैं आपसे विनती करता हूं। बाद में जगदीप धनखड़ ने कहा कि वह इस बात को गंभीरता से देखेंगे।

**कांग्रेस ने 3 स्थगन प्रस्ताव दिए**-कांग्रेस के चीफ व्हिप मनिकम टैगोर ने जाति जनगणना और महिला आरक्षण पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव दिया है।

# हमास चीफ इस्माइल हानियेह तेहरान में मारा गया

## ईरान का आरोप- इजराइल ने घर पर मिसाइल दागी; अमेरिका बोला- पलटवार हुआ तो हम इजराइल के साथ



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** हमास का पॉलिटिकल चीफ इस्माइल हानियेह मारा गया है। ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने इसकी पुष्टि की है। IRGC ने बुधवार सुबह बताया कि तेहरान में हानियेह के ठिकाने पर रात 2 बजे (भारतीय समय के मुताबिक सुबह 4 बजे) मिसाइल से हमला किया गया। इसमें हानियेह और उसके एक बॉडीगार्ड की मौत हो गई। हानियेह मंगलवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए तेहरान में था। हमास ने हानियेह की मौत की पुष्टि कर दी है। ईरान ने इजराइल पर हानियेह की हत्या के आरोप लगाए हैं। हालांकि इजराइल का कोई बयान नहीं आया है। सऊदी के अल-हदात न्यूज के मुताबिक हमास चीफ को कतर की राजधानी दोहा में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। हानियेह की अगुआई में ही हमास ने पिछले साल 7 अक्टूबर को इजराइल पर 75 सालों का सबसे बड़ा हमला किया था। इसमें 1,200 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

# पूर्व मंत्री बोले-कोचिंग सेंटर्स को लोकायुक्त के दायरे में लाएं

## ईडी-सीबीआई की तरह छापे डालने का अधिकार मिले

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** विधानसभा में बुधवार को लोकायुक्त के प्रतिवेदन पर बहस के दौरान विपक्षी विधायकों ने लोकायुक्त को और अधिकार देने की मांग उठाई। पूर्व मंत्री और आरएलडी विधायक सुभाष गर्ग ने कहा कि लोकायुक्त को ईडी और सीबीआई की तरह छापे डालने और सीज की कार्रवाई का अधिकार मिलना चाहिए। लोकायुक्त की खुद की पुलिस हो। जिन राज्यों में मजबूत लोकायुक्त है उन राज्यों की स्टडी करनी चाहिए। गर्ग ने कहा- सभी एजेंसियों को सरकार से स्वतंत्र होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर आदेश भी दिए हैं। जांच एजेंसियों पर सरकार का दखल होने से इनका काम स्वतंत्र नहीं रह पाता है। कोचिंग सेंटरों को भी लोकायुक्त के दायरे में लाना चाहिए। बेसमेंट में कोचिंग चलाना भी एक तरीके का करप्शन है।



कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा ने कहा कि राजस्थान का लोकायुक्त दंतविहीन (बिना दांत का) है, इसको और ज्यादा अधिकार दिए जाने चाहिए, ताकि लोकतंत्र में भ्रष्टाचार को रोका जा सके। शर्मा ने कहा- बीजेपी ने अन्ना हजारे के साथ मिलकर नाटक किया था। मनमोहन सिंह जैसे ईमानदार प्रधानमंत्री को बदनाम करने का अभियान चलाया। अन्ना हजारे को आगे करके जिस तरह सरकार को बदनाम किया, अब उस मुद्दे का क्या हुआ मजबूत लोकपाल की मांग कहां गई? लोकायुक्त में क्या परिवर्तन कर दिया, कौन सा नया कानून बना दिया, कौन सा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा दिया। इससे पहले प्रश्नकाल के दौरान स्पीकर वासुदेव देवनानी ने अजमेर की पानी की समस्या पर सवाल उठाते हुए मंत्री को नसीहत दी। जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी बीजेपी विधायक अनिता भदेल के अजमेर शहर से जुड़ी पानी की समस्या पर पूछे गए पूरक सवाल का जवाब दे रहे थे। इसी बीच स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा- मंत्रीजी, अजमेर शहर का मुद्दा है। अभी चार-पांच दिन में पानी आ रहा है, इस समस्या का जल्द समाधान करेंगे तो अजमेर की जनता आपको याद करेगी।

# कंगना बोलीं- राहुल गांधी का ड्रग्स टेस्ट होना चाहिए

## नेता प्रतिपक्ष के चक्रव्यूह वाले बयान पर बोलीं- संसद में बदहवास बातें करते हैं

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से भाजपा सांसद कंगना रनोट ने कहा है कि राहुल गांधी संसद में जिस तरह की बदहवास बातें करते हैं, उसे देखते हुए उनका ड्रग्स टेस्ट होना चाहिए। या तो वे शराब के नशे या फिर ड्रग्स के नशे में संसद पहुंचते हैं। कंगना दिल्ली में राहुल के संसद में दिए गए चक्रव्यूह वाले बयान पर मीडिया में प्रतिक्रिया दे रही थीं।



**कंगना का पूरा बयान**-कंगना ने कहा- देखिए, देश में लोकतंत्र है। यहां लोकतांत्रिक तरीके से प्रधानमंत्री चुना जाता है। जिन्होंने प्रधानमंत्री को चुना है, क्या वे लोग डेमोक्रेसी की रिस्पेक्ट नहीं करते हैं? क्या कोई उम्र, वर्ग या जाति देखकर प्रधानमंत्री चुना जाता है? कल को बोलेंगे कि स्किन कलर देखकर प्रधानमंत्री का चुनाव होगा। इस तरह की ओछी बात कर वे हमेशा संविधान को ठेस पहुंचाते हैं। उन्हें संविधान और लोकतंत्र की रेस्पेक्ट नहीं है। कल (सोमवार) भी उन्होंने संसद में कॉमेडी शो किया।

श्री त्र्यबकेश्वरायनमः
श्रीक्षेत्र त्र्यंबकेश्वर के पुरोहित
श्री. उमेश यशवंत शिखरे
चि. श्रीहरी उमेश शिखरे
मातृ पितृ छाया, गाडगे महाराज धर्मशाला के सामने
पाटील गल्ली, त्र्यंबकेश्वरर, जि. नासिक
हमारे यहां कालसर्प शांति, नारायण-नागबली, त्रिपिंडी श्राद्ध अभिषेक, लघुरुद्र, जप अनुष्ठान ई. सभी और त्र्यंबकेश्वर में होने वाले सभी धार्मिक किये जाते है।
बारा ज्योतिर्लिंगोमेसे सबसे बड़ा त्र्यंबकेश्वर है। यहीपे कुंभ का मेला लगता है। गोदावरी नदी का उगमस्थान, ब्रह्मगिरी, गंगाद्वार, निलपर्वत, निवृत्तीनाथ महाराज समाधी, कुशावर्त तीर्थ आदि धार्मिक स्थल दर्शनिय है।

# दिल्ली कोचिंग हादसा अफसरों की मिलीभगत से हुआ : हाईकोर्ट

## इनसे पूछो- नाली कहां है, नहीं बता पाएंगे; ये एसी ऑफिस से बाहर नहीं निकलते

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। दिल्ली के राउ आईएएस कोचिंग के बेसमेंट में स्थित लाइब्रेरी में पानी भरने से 27 जुलाई को तीन स्टूडेंट्स की मौत हो गई थी। कुटुंब ट्रस्ट की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस तुषार राव की बेंच ने म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन ऑफ दिल्ली (एमसीडी) को जमकर फटकार लगाई।

बेंच ने कहा- इस तरह की घटनाएं सिस्टम की नाकामी है। ये सब अफसरों की मिलीभगत से हुआ है। सभी ब्लेम-गेम खेल रहे हैं। किसी एक की जिम्मेदारी तय करनी होगी। एमसीडी अधिकारियों से पूछो कि नाली कहां है तो नहीं बता पाएंगे, क्योंकि वे अपने एसी ऑफिस से बाहर ही नहीं निकलते। जूनियर अफसरों को सस्पेंड करके कुछ नहीं होगा। कोर्ट ने एमसीडी से गुरुवार यानी 1 अगस्त तक कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी और कहा- अगर एमसीडी ठीक से जांच नहीं कर पा रही है तो केस सेंट्रल एजेंसी को सौंप सकते हैं। 2 अगस्त को अगली सुनवाई करेंगे। एमसीडी के डायरेक्टर भी उस दिन कोर्ट में हाजिर हों।

**याचिकाकर्ता की मांग- अवैध कोचिंग सेंटर्स पर कार्रवाई हो :** याचिकाकर्ता कुटुंब ट्रस्ट की ओर से रुद्र विक्रम सिंह ने कहा- राजिंदर नगर की घटना नई नहीं है। पिछले साल मुखर्जी नगर




और विवेक विहार के कोचिंग सेंटर में भी आग लगी थी। तब हाईकोर्ट ने अवैध कोचिंग सेंटरों को बंद करने का आदेश दिया था, लेकिन इस पर अमल नहीं हुआ।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# 31 जुलाई से बी -2 बाईपास क्लोअर लीफ पर मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुआ यातायात आवागमन

## आमजन की राह हुई सुगम और सुरक्षित, बी -2 बाईपास चौराहा बना पहला ट्रेफिक फ्री जंक्शन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं माननीय नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा मंत्रोच्चार के साथ यातायात सुधारीकरण कार्य के तहत बी – 2 बाईपास क्लोअर लीफ पर 31 जुलाई, 2024 से यातायात आवागमन हेतु खोल दिया गया। यातायात आवागमन से आमजन की राह सुगम और सुरक्षित हुई।





जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री एवं नगरीय विकास मंत्री के निर्देषन में बी–2 बाईपास जंक्शन को सिग्नल फ्री करने से् किसी भी दिशा से आने वाला यातायात किसी भी दिशा में निर्बाध रूप से जायेगा। जवाहर सर्किल से मानसरोवर एवं मानसरोवर से जवाहर सर्किल की तरफ जाने वाला यातायात अण्डरपास का उपयोग करते हुए निर्बाध रूप से जायेगा। सांगानेर की ओर से आने वाला यातायात बॉयी ओर मानसरोवर की तरफ एवं सीधा जयपुर शहर की तरफ जायेगा। इसके अतिरिक्त क्लोवर लीफ का उपयोग करते हुए जवाहर सर्किल एवं जगतपुरा की ओर जायेगा। दुर्गापुरा की ओर से आने वाला यातायात सीधा सांगानेर की तरफ जायेगा एवं मानसरोवर के लिए क्लोवर लीफ का उपयोग करते हुए जायेगा। मानसरोवर से आने वाला यातायात क्लोवर लीफ का उपयोग करते हुए सांगानेर की तरफ जायेगा। अण्डरपास का कार्य पूर्ण कर दिनांक 15.03.2024 को लोकार्पण किया जा चुका है। टोंक रोड़ पर रैम्प एवं डामरीकरण का कार्य पूर्ण कर 30 मई 2024 को यातायात प्रारम्भ कर दिया गया है। जेडीए टीम द्वारा टोंक रोड पर दो क्लोवर लीफ का कार्य पूर्ण कर 31.07.2024 से बी–2 बाईपास क्लोअर लीफ पर मंत्रोच्चार के साथ यातायात प्रारम्भ किया गया।

उल्लेखनीय है कि बी–2 बाईपास जंक्शन, टोंक रोड पर एक प्रमुख जंक्शन है जो कि दुर्गापुरा को सांगानेर, प्रतापनगर एवं सीतापुरा औधोगिक क्षेत्र से जोडता है। इसके अतिरिक्त यह जंक्शन होटल, वैवाहिक स्थल, व्यवसायिक क्षेत्र, हॉस्पिटल एवं हवाई अड्डो आदि स्थित है। वर्तमान में इस जंक्षन पर व्यस्ततम समय में ट्रैफिक जाम की बहुत बडी समस्या रहती है जिससे समय के साथ–साथ ईंधन की भी बर्बादी होती है। इसके समाधान हेतु जेडीए द्वारा बी–2 बाईपास चौराहें को ट्रैफिक सिग्नल मुक्त जंक्षन बनाया गया है। जिसमें जवाहर सर्किल से मानसरोवर की तरफ अण्डरपास एवं टोंक रोड पर बजरी मंडी एवं रामदास अग्रवाल तिराहे पर क्लोवर लीफ के निर्माण के साथ विधुतीकरण का कार्य किया गया है।

# तीज महोत्सव तीन अगस्त को : डांस प्रतियोगिता,फैशन शो सहित होंगे कई कार्यक्रम

## संस्था की ओर से किया पोस्टर विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर में तीन अगस्त यानी शनिवार को तीज महोत्सव का आयोजन शास्त्रीनगर इलाके के जन उपयोगी भवन में होने जा रहा है। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, तीज क्वीन कॉन्टेंट,डांस प्रतियोगिता,फैशन शो,कल्चर कार्यक्रम सहित कई कार्यक्रम होगें। जिसके चलते बुधवार को संस्था की ओर से पोस्टर विमोचन किया है। इस दौरान कार्यक्रम की आयोजिका काजल सैनी, शुद्धि सैनी और ममता यादव उपस्थित रही।



नृत्यम इवेंट प्लानर और कार्यक्रम की आयोजिका काजल सैनी ने बताया कि उनकी संस्था (कला प्रशिक्षण प्रशिक्षण केंद्र) वर्ष 2001 से रजिस्टर्ड है और समय–समय पर महिलाओं से जुड़े कई कार्यक्रमों का आयोजन करते है। इसी कड़ी में तीन अगस्त को तीज महोत्सव का आयोजन शास्त्रीनगर इलाके के जन उपयोगी भवन में शाम तीन बजे से शुरू किया जा रहा है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाएं हिस्सा ले रही है। साथ ही इस कार्यक्रम में डॉ. निर्मला यादव बतौर मुख्य अतिथि रहेगी। तीज महोत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम, तीज क्वीन कॉन्टेंट,डांस प्रतियोगिता,फैशन शो,कल्चर कार्यक्रम सहित कई कार्यक्रम होगें। इन सभी प्रतियोगिता में जीतने वाली महिलाओं को आकर्षक उपहार भी दिए जाएंगे।

# सरिस्का में होटल-रिसॉर्ट हटने की बातें पूरी तरह निराधार

## होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन सरिस्का अलवर ने किया भ्रामक खबरों का खंडन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** पर्यटन और वन राजस्थान की जीवन रेखा है। पर्यटन व्यवसाय को राजस्थान में उद्योग का दर्जा दिया गया है लेकिन यह बात काबिल–ए–गौर है कि वाइल्ड लाइफ टुरिज्म से 20–25 फीसदी राजस्व प्राप्त होता है। दुनियाभर से टुरिस्ट को राजस्थान बुलाने के लिए होटल्स और रिसॉर्ट का होना बेहद जरूरी है। सरिस्का, रणथंभौर व अन्य वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के निकट बने होटल्स को हटाए जाने की भ्रामक बातों से पर्यटकों और होटल व्यवसायियों में भय पैदा हो रहा है जिससे राजस्थान की ओर बढ़ते पर्यटकों के कदम रुकने लगे हैं।




इससे न केवल प्रदेश को आर्थिक नुकसान हो रहा है बल्कि राज्य की छवि भी खराब हो रही है। पर्यटकों की आवाजाही बाघों के संरक्षण के लिए पर्यटक बेहद जरूरी है क्योंकि पर्यटन और संरक्षण साथ–साथ चलते है। होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन सरिस्का,अलवर तथा होटल एसोसिएशन टहला, सरिस्का की ओर से बुधवार को विशेषज्ञों ने यह बात कही। इस दौरान होटल एसोसिएशन टहला, सरिस्का के अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह पंवार, कल्चर एंबेसडर तृप्ति पांडे, एडवोकेट डॉ. भगवान सिंह नाथावत, फील्ड डायरेक्टर मनोज पाराशर, रणथंभौर और सरिस्का सेंचुरी के फिल्ड डायरेक्टर रहे रघुवीर सिंह शेखावत, फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) के अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंदेला, एफएचटीआर के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुरेन्द्र सिंह शाहपुरा व बड़ी संख्या में सरिस्का, अलवर और टहला के होटल व्यवसायी मौजूद रहे। गजेन्द्र सिंह पंवार ने सरिस्का सेंचुरी के निकट बने होटल्स को ध्वस्त करने की भ्रामक खबरों का खंडन करते हुए कहा कि होटल्स को हटाने की बात निराधार है।


पर्यटकों और व्यवसायियों को घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार की ओर से सभी सेंचुरी का मास्टर प्लान बनाने की योजना है लेकिन इससे वहां मौजूद होटल्स को किसी तरह का खतरा नहीं है। एडवोकेट डॉ. भगवान सिंह नाथावत ने सुप्रीम कोर्ट व अन्य राज्यों की हाईकोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से अभी तक ईको सेंसिटिव जोन का कोई मापदंड तैयार नहीं किया गया है। मास्टर प्लान जब भी तैयार होगा उससे पहले हुए निर्माण के लिए कोई कानूनी अड़चन भी नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी निर्माण होने से पहले प्रशासनिक स्तर पर पूरी तरह कार्रवाई की जाती है, तय मापदंडों का पालन किया जाता है, ऐसे में पहले से हुए निर्माण को गैरकानूनी या अवैध ठहराना न्यायोचित नहीं है। एफएचटीआर अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंदेला ने कहा कि टूरिज्म बढ़ता है तो लोकल लोगों को भी इससे रोजगार मिलता है। सरकार जंगल का मानचित्र तय करें उसकी परिभाषा तय हो तब तक भ्रामक खबरों पर भी लगाम लगनी चाहिए। भ्रामक खबरों से पर्यटकों में भय रहेगा, इससे निवेश कम होगा, होटल नहीं होंगे तो रोजगार भी घटेंगे और टूरिज्म से आने वाला राजस्व भी।

# किसी भी प्रतियोगिता में प्रथम या द्वितीय स्थान पर आने से महत्वपूर्ण है उसमें भाग लेना : कुलपति प्रो. संजीव शर्मा

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में 28वें वार्षिक खेल प्रतियोगिता स्पोर्ट्स प्राइस डिस्ट्रीब्यूशन कार्यक्रम 'पारितोषिक' का हुआ भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में पुरस्कार वितरण समारोह 'पारितोषिक' का आयोजन किया गया, जिसमें वार्षिक खेल प्रतियोगिता तरंग में विजेता खिलाड़ियों को दिये गए। पारितोषिक कार्यक्रम का उद्घाटन श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रो. के. एस. धीमान, डॉ. एस. आर. राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति प्रो. पी. के. प्रजापति, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के कुलपति संजीव शर्मा ने किया। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कहा खेल हो या अन्य कोई कार्यक्रम उसमें भागीदारी लेने से ही वह कार्यक्रम सार्थक होता है। किसी भी प्रतियोगिता में प्रथम या द्वितीय स्थान पर आने से महत्वपूर्ण है उसमें भागीदारी लेना। श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रो. के. एस. धीमान ने कहा खेल हमें क्विक डिसीजन, विश्वास, कुशलता और सहयोग करना सिखाती है जो हमारे व्यक्तित्व का निर्माण करती है। यह सभी हमारे जीवन बहुत काम आती है ,जो समाज और व्यावसायिक जीवन में हमें सफल बनाती है, व्यक्तित्व का निर्माण खेलों से ही संभव है। डॉ. एस. आर. राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति प्रो. पी. के. प्रजापति ने कहा खेलों का मंत्र है एकता एवं सद्भाव पैदा करना। किसी भी खेल को खेलने वाले खिलाड़ी उसके प्रति डिसिप्लिन और डेडिकेटेड होते है। आज फैमिली गेट टूगेदर लगभग बंद हो चुकी है गेम्स के माध्यम से यह गेट टूगेदर की जा सकती है। आज मेन्टल एक्टिविटी बहुत ज्यादा हो रही है लेकिन फिजिकल एक्टिविटी बहुत कम हो गई है जिसका असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. सुनील कुमार यादव ने अन्तर विश्विद्यालय खेल एवम खेलो इंडिया जैसे कार्यकर्मो में विद्यार्थियों को भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया।




कार्यकम में रचना शरीर विभाग द्वारा अंग एवं ऊतक दान करने की शपथ दिलाई गई। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता तरंग में विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पुरुस्कार दिए गए, विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में प्रतिकुलपति प्रो. रामकिशोर जोशी, कुलसचिव प्रो. अनिता शर्मा, प्रोफेसर पी हेमंता, प्रो.एच.एम.एल. मीणा, प्रो. सुनील कुमार यादव, डॉ सुमन शर्मा, डॉ. विपिन तंवर चिकित्सक, शिक्षक, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

# जवाहर कला केन्द्र : जेकेके में साहित्य और संगीत के साथ सावन शृंगार की शुरुआत

## पहले दिन हुआ संवाद प्रवाह व संगीत संध्या

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सावन के सौंदर्य से कला प्रेमियों को सराबोर करने वाले जवाहर कला केन्द्र के सावन शृंगार उत्सव का बुधवार को आगाज हुआ। मूर्धन्य साहित्यकार प्रेमचंद की जयंती और सुरों के सरताज मो. रफ़ी की पुण्यतिथि के अवसर पर उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन सुहाने मौसम के बीच कार्यक्रम में साहित्य और संगीत का समागम देखने को मिला। यहां वरिष्ठ कलाकार प्रदीप चौधरी, राजा रहमान शेख, डॉ. गौरव जैन और दीपशिखा जैन और समूह के कलाकारों ने सुरीली प्रस्तुति दी। वहीं प्रेमचंद का साहित्य और उसकी प्रासंगिकता विषय पर वरिष्ठ शिक्षाविद् बीना शर्मा, नाट्य निर्देशक राजेन्द्र सिंह पायल और समीक्षक सुंदरम शांडिल्य ने विचार रखे। दोनों महान कलाकारों से जुड़े विशेष दिन के मद्देनजर हुए इस आयोजन को कलाकारों व कला प्रेमियों की खूब सराहना मिली। उत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को वृत्त चित्र निर्देशक, लेखक एवं फिल्मकार दीपक महान शाम 6:30 बजे रंगायन में ऑडियो विजुअल प्रेजेंटेशन के जरिए मो. रफ़ी के सुहाने सफर पर प्रकाश डालेंगे।



**प्रेमचंद जनता के साहित्यकार :** कृष्णायन में प्रदीप चौधरी ने मो. रफ़ी के गीत गाकर समां बांधा। इसके बाद संवाद प्रवाह में प्रेमचंद के साहित्य पर प्रकाश डालते हुए डॉ. बीना शर्मा ने कहा कि प्रेमचंद को मानव मन की बहुत पकड़ थी वे सही मायनों में जनता के साहित्यकार थे जिन्होंने कालजयी रचनाएं लिखी। सुंदरम शांडिल्य ने कहा कि हमें सुंदरता की कसौटी बदलनी पड़ेगी।

प्रेमचंद की जूतियां फटना और उनकी अंगुलियों का दिखना इस बात को दर्शाता है कि वे उस वर्ग से टक्कर लेते रहे जो धन और सौंदर्य को ही सर्वश्रेष्ठ गुण मानते हैं। सुरीले नगमों का सिलसिला यहीं नहीं थमा। डॉ. गौरव जैन और दीपशिखा जैन ने मशहूर गीतों के बोल सुरीली आवाज में पीरोकर श्रोताओं की वाहवाही लूटी।

# एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में लगी आग बाल्टियों से पानी डालकर बुझाया एसी की आग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में बुधवार सुबह आग लग गई। आग डॉक्टर रूम में लगी। जिसके बाद मौके पर हड़कंप मच गया। आग लगने के समय चार—पांच डॉक्टर ड्यूटी कर रहे थे। जब डॉक्टर्स ने आग देखी तो मौके पर अफरा तफरी का माहौल हो गया। इस दौरान मोर्चरी में मौजूद कर्मचारियों ने बाल्टियों से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। इस दौरान मोर्चरी में 20 से ज्यादा शव रखे थे। जहां तक आग नहीं पहुंची। आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। जिस कारण बड़ा हादसा होने से टल गया। अस्पताल अधीक्षक डॉ सुशील भाटी ने बताया कि एसी में शॉर्ट सर्किट के कारण सुबह 10 बजे आग लगी थी। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया है। इस दौरान डॉक्टर्स भी ड्यूटी पर थे। जब उन्होंने आग लगते हुए देखा तो कर्मचारियों की मदद से आग को बुझाया गया। आग लगने के बाद दमकल और पुलिस को मामले की जानकारी नहीं दी गई। लेकिन आग लगने के बाद मौके पर अफरा तफरी को देख पास में पुलिस थाने से पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि इतना बड़ा मामला नहीं था, छोटी सी आग थी। एसी में आग लगी तो डॉक्टर्स रूम में आग दिखने लगी। इसके बाद कर्मचारियों ने डॉक्टर्स रूम का सारा सामान बाहर निकाल लिया।

# फिजिक्स वाला ने पीडब्ल्यू एनएसएटी के माध्यम से जेईई/नीट उम्मीदवारों के लिए 250 करोड़ रूपये की स्कॉलरशिप की घोषणा की

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/सीकर।** फिजिक्स वाला, भारत की अग्रणी शिक्षा कंपनी एनएसएटी (राष्ट्रीय स्कॉलरशिप सामान्य प्रवेश परीक्षा) 2024 के तीसरे संस्करण के शुभारंभ के साथ शिक्षा की पहुंच को महत्वपूर्ण रूप से बदलने जा रही है। पीडब्ल्यू एनएसएटी सबसे बड़ा स्कॉलरशिप परीक्षा है। इस पहल का उद्देश्य नीट–यूजी और आईआईटी–जेईई परीक्षाओं में स्कॉलरशिप हासिल करने की इच्छा रखने वाले छात्रों को श्रेष्ठ शिक्षा और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करना है, भले ही उनकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो। एनएसएटी के लिए रजिस्ट्रेशन अब खुल गया है, जिसमें देशभर के छात्रों को इन प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने का मौका दिया गया है। परीक्षा 1 से 15 अक्टूबर तक ऑनलाइन और 6 और 13 अक्टूबर को ऑफलाइन 2024 में चयनित केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों विकल्प उपलब्ध हैं, जो सभी छात्रों के लिए सुलभ हैं। यह कार्यक्रम कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के लिए खुला है, जिसमें पीसीएम/पीसीबी समूह शामिल हैं, जिससे यह व्यापक रूप से समावेशी है। महत्वपूर्ण रूप से, परीक्षा रजिस्ट्रेशन निशुल्क है। परिणाम नवंबर 2024 में घोषित किए जाएंगे। इन परीक्षाओं में स्कॉलरशिप हासिल करने वाले शीर्ष 1000 छात्रों को 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी, जिसमें आवास भी शामिल है। इनमें से, शीर्ष 500 आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।




# कामिका एकादशी पर गोविंददेवजी मंदिर में सजी विशेष झांकी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सावन कृष्ण पक्ष की एकादशी बुधवार को गजकेसरी योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और रोहिणी नक्षत्र के शुभ संयोग में कामिका एकादशी के रूप में मनाई गई। श्रद्धालुओं ने श्री हरि भगवान विष्णु की पूजा–अर्चना कर दान–पुण्य किया। वहीं आराध्य गोविंददेवजी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष झांकी के दर्शन हुए। इसके अलावा महिलाएं व्रत रख तुलसी पूजन किया। दिन भर निराहार रखकर श्रद्धालु शाम को सागारी भोजन ग्रहण किया। कामिका एकादशी पर आराध्य गोविंददेवजी मंदिर में ठाकुरजी को लाल रंग की पोशाक धारण कराकर गोचारण लीला के आभूषण धारण कराए गए। इससे पहले मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में ठाकुरजी का अभिषेक किया गया। मंगला झांकी से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ी। मंदिर परिसर राधे–राधे के जयकारों से गूंज उठा। श्रावण कृष्ण पक्ष त्रयोदशी गुरुवार को भोलेनाथ की आराधना और मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए श्रावण का पहला प्रदोष व्रत रहेगा। शास्त्र अनुसार सूर्यास्त से 45 मिनट पूर्व और सूर्यास्त के 45 मिनट बाद का समय प्रदोष काल कहलाता है। इस काल में भगवान शिव की पूजा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। इस मौके पर मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। अगला प्रदोष व्रत श्रावण मास के शुक्ल पक्ष में 17 अगस्त का रहेगा। प्रदोषकाल शाम 7 .15 से रात 9 .22 बजे तक रहेगा। इस मौके पर ताड़केश्वर महादेव मंदिर, झाड़खंड महादेव मंदिर, जंगलेश्वर, धूलेश्वर महादेव, चमत्कारेश्वर महादेव सहित अन्य शिव मंदिरों में विशेष झांकियां सजाई जाएगी।



## गाय सामने आने से फिसली मोटरसाइकिल, चालक के सिर में आई चोट, इलाज के दौरान दम तोड़ा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** बाइक से गिरने से युवक की मौत का मामला सामने आया है। दोस्तों के मजदूरी कर लौटते समय रास्ते मे बाइक स्लिप हो गई थी। हादसे में गम्भीर घायल होने पर युवक को इलाज के लिए कोटा की एमबीएस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया था देर रात इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। घटना 29 जुलाई शाम की बारां जिले के अंता थाना क्षेत्र की है। मॉर्च्यूरी में रखवाए शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। अंता थाना पुलिस के अनुसार महावीर (40) नयागांव थाना अंता का रहने वाला था। मजदूरी का काम करता था। 29 जुलाई की शाम को अपने दोस्त राजेन्द्र व मिथुन के साथ मांगरोल से मजदूरी करके अंता लौट रहा था। महावीर बाइक पर पीछे बैठा हुआ था। कामखेडा के पास गाय के सामने आने से बाइक अनबैलेंस हो गई। बाइक स्लिप होने से तीनों नीचे गिर गए। महावीर के सिर पर गम्भीर चोट लगी। जबकि राजेन्द्र व मिथुन के हल्की चोट लगी। घायल हालात में महावीर को अंता हॉस्पिटल लाया गया। जहां उसे गम्भीर हालात में कोटा एमबीएस हॉस्पिटल रेफर किया। इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। महावीर के भाई पवन ने रिपोर्ट दी है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मामले की जांच की जा रही है।

## श्याम प्राचीन मंदिर कावटियो का खुर्रा एकादशी कीर्तन

### झूले में सजी बाबा श्याम की श्रृंगार झांकी। बाबा श्याम को लगाया ऋतु फलो का भोग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** श्री श्याम प्राचीन मंदिर कावटियो का खुर्रा रामगंज बाजार में मंदिर महन्त प. लोकेश मिश्रा के सानिध्य में एकादशी अरदास कीर्तन मे श्री श्याम कारे कारे नैन दुलारे भजनामृत ग्रुप द्वारा भजनामृत रस गंगा बहाई। कार्यकम संयोजक अनिल मोदी और अजय खंडेलवाल ने बताया कि बाबा श्याम की अखंड ज्योत प्रज्वलित कर गणेश वंदना के साथ भजन संध्या का शुभारंभ हुआ। श्याम बाबा को झूले में विराजमान कराकर मनमोहक श्रृंगार झांकी सजाई ।ग्रीष्म ऋतु व्यंजनों का भोग लगाया गया। भजन संध्या में बाबा श्याम का झूला विशेष सुगंधित फूल मोगरे इत्र से महक रहा था।श्री श्याम कारे कारे नैन दुलारे भजनामृत ग्रुप के संस्थापक अमित खंडेलवाल ने बताया श्री श्याम प्राचीन मंदिर में जयपुर और जयपुर से बाहर के भजन गायको ने बारी बारी से अपनी हाजरी लगाई। मुंबई - राहुल देव बसवाल ,बूढ़ी - चंचल भाटी,दोसा प्रिंस खंडेलवाल,अजमेर - श्री कांत जागिड़ और जयपुर से राहुल खंडेलवाल,रोहित कुमावत,आदित्य छिपा, कृष्णा महेश्वरी,कुमार आशीष,लक्ष्मी सैनी,मनीष जोशी सभी गायको ने अपनी अपनी हाजरी लगाई। 1 - गिरधर मेरे मौसम आया धरती के श्रगार का डाल डाल पर पड़ गए झुले बरसे रग बहार के ..... 2 - सारी दुनिया रही छ: बुलाए मेघा बरसो क्यो ना जी .....एकादशी अरदास कीर्तन के सभी गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे । इस अवसर पर पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक सुगंधित फूलों से सजाया ।एकादशी अरदास कीर्तन के सभी सदस्य बीच बीच में पुष्प और इत्र वर्षा कर दुप्पटा पहनाकर सभी का सुवागत कर रहे थे।

## म्हारे घरा पधारो श्याम संस्थान ने मनाया झूला महोत्सव

### एकादशी झूला महोत्सव पर बाबा को लगाया घेवर का भोग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** म्हारे घरा पधारो श्याम संस्था अग्रवाल फार्म मानसरोवर सेक्टर 113 श्याम पार्क में सावन झूला महोत्सव मनाया गया संस्था के अध्यक्ष रतन कट्टा ने बताया महोत्सव मे बाबा श्याम का विशेष फूल बंगले का श्रंगार कर छप्पन भोग की झांकी सजा कर बाबा को घेवर का भोग लगाया महामंडलेश्वर मनोहर दास महाराज बालमुकुंद आचार्य महाराज के सानिध्य में झूला महोत्सव मनाया गया । भजन संध्या का शुभारंभ खाटू धाम से पधारे पुरुषोत्तम महाराज ने बाबा श्याम की आरती के साथ किया बाबा की अखंड ज्योत प्रज्वलित कर गणेश वंदना के साथ भजन गायक गोपाल सेन संतोष व्यास राज राठौड़ आदित्य छिपा शुभम शर्मा के द्वारा बाबा श्याम का गुणगान किया रिंगस से पधारे राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित संतोष व्यास ने बाबा श्याम की एक से एक रचना सुनाकर भक्ति रस बरसाया । भजन संध्या में इत्र वर्षा पुष्प वर्षा होती रही इस मौके पर संतो के आशीर्वचन हुए संस्था द्वारा संत महंतों का सम्मान किया गया।

## विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन राज्य स्तरीय वीसी में मिशन निदेशक ने दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** जिले में 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन चिकित्सा संस्थानों पर किया जाएगा। डॉ. आशीष सिंह शेखावत जिला सीएमएचो ने बताया कि स्तनपान के महत्व को उजागर करने एवं शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए स्तनपान के संरक्षण प्रचार और समर्थन करने के लिए प्रत्येक वर्ष अगस्त माह के प्रथम सप्ताह को स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। विश्व स्तनपान सप्ताह के सफल आयोजन एवं संचालन हेतु विषय-विशेषज्ञो द्वारा स्तनपान की महत्वता स्तनपान के दौरान आने वाली समस्याओं एवं उनके समाधान के बारे में बताया जाएगा।रविकांत जांगिड़ जिला नोडल अधिकारी ने बताया कि इस संबंध मे मिशन निदेशक एनएचएम राजस्थान जयपुर द्वारा वेबीनार के माध्यम से सभी को जानकारी दी गई । इस वर्ष मुख्य रूप से विश्व स्तनपान सप्ताह में "closing the gap: Breastfeeding support for all" गतिविधि पर जोर दिया जाएगा। इसकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने हेतु जिला स्तर से डिप्टी सीएमएचओ एवं आरसीएचओ को लगाया गया है ।

## वित्तीय साक्षरता जन जागरता शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** ग्रामीणों हो वित्तीय साक्षर कर डिजिटल फ्रॉड को लेकर जागरूक किया कार्यक्रम भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड, पंजाब नेशनल बैंक व आरोह फाउंडेशन की ओर से संचालित जिला स्तर पर पावटा मे ग्रामीणों को वित्तीय साक्षर कर डिजिटल फ्रॉड को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अग्रणी बैंक अधिकारी एलडीएम मुकेश गुर्जर,आरोह फाउंडेशन डिस्टिक कोऑर्डिनेटर गोतम,फाइनेंसियल काउंसलर अमित कुमार यादव थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अमित यादव ने बताया गांव में शिवरो के माध्यम से वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और बैंक से अनभिज्ञ लोगों को बैंक से संबन्धित योजनाओं से जोड़ा जाएगा कार्यक्रम में उपस्थित एएफसी मनोज कुमार,कनिष्ठ सहायक अजय, सतनारायण यादव, एवं ग्रामवासी।जिस मे सोशल सिक्योरिटी सकीम , सुकन्या योजना,व साइबर फ्रॉड के बारे मे बताया कार्यक्रम में 80 ग्रामवासियों ने भाग लिया इसमें प्रोजेक्टर के माध्यम से युवाओं को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए आरबीआई द्वारा अवेयरनेस के छोटे-छोटे वीडियो दिखाकर जागरूक किया।

# तत्काल धरातल पर उतरें बजट घोषणाएं ताकि आमजन को मिले शीघ्र लाभ : सत्यानी

### जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को लेकर बैठक में दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान




**चूरू ( सुरेश शर्मा )।** जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने बुधवार को जिला कलक्ट्रेट परिसर स्थित डीओआईटी सभागार में जिले में हुई बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की चर्चा कर अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला कलक्टर सत्यानी ने कहा कि आमजन की सुविधाओं के लिए शासन- प्रशासन संवेदनशील है। इसलिए सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं में की जाने वाली गतिविधियों में त्वरितता बरतें तथा बजट घोषणाओं को शीघ्र धरातल पर क्रियान्वित करें ताकि आमजन को सुविधाएं मिलें।

उन्होंने कहा कि सरकार की मंशानुरूप बजट घोषणाएं तत्काल धरातल पर उतरें ताकि आमजन को शीघ्र ही इनका लाभ मिलना शुरू हो। बजट घोषणाओं में किए जाने वाले निर्माण में गुणवत्तापूर्ण कार्य हमारी प्राथमिकता है। बजट घोषणाओं में आवश्यक टेंडर प्रक्रिया, डीपीआर तैयार करने के लिए टाइमलाइन निर्धारित करें तथा समयबद्ध रूप से कार्ययोजना सुनिश्चित करें। सत्यानी ने एक-एक कर सभी विभागों की बजट घोषणाओं और उनके क्रियान्वयन के लिए प्रस्तावित कार्यवाही पर चर्चा की और कहा कि जिले में हुई बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के लिए भू-आंवटन व बजट प्राप्ति के प्रस्ताव व राज्य स्तर पर किए जाने वाले पत्राचार सहित समस्त कार्यवाही समयबद्ध सुनिश्चित की जाए। इसी के साथ बजट घोषणाओं के लिए चिन्हित भूमि के आंवटन के प्रस्ताव भिजवाएं तथा जिन घोष्णाओं में भमि चिन्हित नहीं की गई है, उन घोषणाओं के लिए आवश्यकतानुसार उपलब्ध भूमि का चिन्हीकरण कर कार्ययोजना तैयार करें। इस अवसर पर उन्होंने चूरू में कृषि महाविद्यालय खोले जाने, गढ़ पीएचसी को सेटेलाइट अस्पताल में क्रमोन्नत करने, ओम कॉलोनी व रामनगर तिराहा पर आरयूबी निर्माण, रिंग रोड़, सातड़ा में 132 केवी जीएसएस निर्माण, तारानगर उप जिला अस्पताल भवन निर्माण, सरदारशहर डेयरी में सुदृढ़ीकरण व विस्तार कार्य, सड़कों के मिसिंग लिंक कार्य सहित जिले में हुई समस्त बजट घोषणाओं के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत चर्चा कर डीपीआर तैयार करवाने, टेंडर लगाने संबंधी गतिविधियों को त्वरित गति से संपन्न करवाते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम उत्तमसिंह शेखावत, डीएफओ भवानी सिंह, डीओआईटी संयुक्त निदेशक मनोज गरवा, पीएचईडी एसई रमेश कुमार राठी, डिस्कॉम एसई वीआई परिहार, सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा, नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, आत्मा पीडी दीपक कपिला, डॉ प्रशान्त शर्मा, आईसीडीएस उपनिदेशक डॉ नरेन्द्र शेखावत, सीडीईओ जगबीर सिंह यादव, कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, एपीआरओ मनीष कुमार, पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उपनिदेशक नगेन्द्र सिंह राठौड़, जिला खेल अधिकारी प्रकाश राम गोदारा, रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू, उद्योग विभाग सहायक आयुक्त उजाला भांभू, सानिवि एक्सईएन बीएल सोनी, प्रवर्तन निरीक्षक संपत कुमार, कॉपरेटिव एमडी मदनलाल सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर का असर : मनोहर तालाब के घाटों की हुई सफाई



बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( गिरिराज प्रसाद शर्मा )।** समाचार पत्र में छपी खबर से अब मनोहर तालाब के घाटों की सफाई हो गयी है जिसके लिये आम जनता ने समाचार पत्र को धन्यवाद दिया है। गौरतलब है कि विगत 24 जुलाई को बढ़ता राजस्थान न्यूज पेपर में मय फोटो के मनोहर तालाब के घाटों पर गंदगी की खबर प्रमुखता से प्रकाशित हुई थी उसके बाद नगरपालिका प्रशासन हरकत में आया और इन्होंने तालाब पर जाकर सर्वे किया तो वँहा की सीढ़ियों व घाटों पर जगह - जगह कचरे के ढेर व गन्दगी जमा थी जंहा पर सफाई कर्मचारी लगाकर घाटों को साफ करवा दिया है जिससे अब घाट साफ-सुथरे दिखने लगे है। गौरतलब है कि मनोहर तालाब हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक है इसके किनारे चारो तरफ मंदिर , व मजार बने हुए भक्त व जायरीन यंहा पर आते है साथ ही यह तालाब एक तरह का पर्यटक स्थल है लेकिन पिछले दिनों इनके घाटों पर लगे गन्दगी के ढेरों से लोगो ने यंहा पर आने से किनारा कर लिया था जिसकी जानकारी लोगो ने स्थानीय संवाददाता को दी जिसने मोके पर जाकर सारे हालत देखे ओर गन्दगी के आलम को न्यूज पेपर में प्रमुखता से जगह दी जिस पर नगरपालिका प्रशासन हरकत में आया और तालाब व उसके घाटों की सफाई करवायी ।

## निखार शिक्षिकाओं की मासिक समीक्षा एवं नियोजन बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( नि.स. )।** चाकसू निखार परियोजना के तहत भावी निर्माण सोसाईटी, विशाखा संस्थान व अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से चलाए जा रहे निखार अतिरिक्त शिक्षण केंद्र की शिक्षिकाओं के साथ प्रतिमाह समीक्षा एवं नियोजन बैठक माह में किए गए कार्यो को लेकर की जाती है। इसी क्रम में दो दिवसीय आवासीय समीक्षा बैठक की गई बैठक में आई शिक्षिकाओं को बैठक में शिक्षिकाओं को फील्ड स्तर पर आने वाली समस्याओं एवम समाधान के बारे में चर्चा की गई । शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव हेतु समुदाय के लोगों को जागरूक करने के लिए विस्तार से वार्तालाप कर शिक्षिकाओं को प्रेरित किया गया। बताया गया कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है।रमा शर्मा ने बताया की शिक्षा के साथ साथ चारों सेंटरों पर सिलाई प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमे अल्लाहपुरा में संचालित निखार सेंटर पर करीब 20 बालिकाओं में से 1 6 बालिकाओं ने स्वयं ने अपने सलवार सिलकर पहनना शुरू किया।

बैठक के दौरान शिक्षिकाओं के शिक्षण कार्य को रुचिकर वह प्रभावी तथा नवाचारिक बनाने के लिए टी एल एम तैयार करवाया गया। 6 से 14 वर्ष के शिक्षा से वंचित बालक बालिकाओं को उम्र के अनुसार शैक्षिक स्तर पर लाकर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके इसके साथ साथ बालिकाओ को जीवन कौशल प्रशिक्षण देने हेतु सत्रों की जानकारी विस्तार से दी गई। आयोजित समीक्षा बैठक में संस्था सचिव गिरिराज प्रसाद शर्मा कार्यक्रम समन्वयक रमा शर्मा व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र, श्रम विभाग, महिला अधिकारिता विभाग व कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायत विजयपुर में बुधवार को औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना, डॉ भीमराव अंबेडकर दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, कुम्हारो हेतु माटी कला बोर्ड द्वारा निश्शुल्क इलेक्ट्रिक चाक, वर्मीकंपोस्ट, वर्मीवाश, जैविक खाद, पोल्ट्री फार्मिंग, श्रमिकों के लिए ई-श्रम कार्ड, इंदिरा महिला शक्ति, राजश्री योजना की जानकारी के साथ मौके पर आवेदन पत्र तैयार करवाए गए।

### श्री अन्नपूर्णा रसोई का किया निरीक्षण

## जिला कलक्टर ने किया केशोरायपाटन तहसील व उप पंजीयक कार्यालय का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान




**बूंदी, ( नि.स. )।** जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने बुधवार को तहसील कार्यालय व उपपंजीयक कार्यालय केशवरायपाटन का निरीक्षण किया। केशोरायपाटन तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने भूमि रूपांतरण सहित अन्य प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए की नई तहसील भवन निर्माण के लिए बजट प्रस्ताव भिजवाए जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि 183 बी के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कर पालना रिपोर्ट भिजवाई जावे।

उन्होंने निर्देश दिए कि कोर्ट केस, मोटर दुर्घटना दावा अभिकरण संबंधी प्रकरणों, पीएम किसान, गैर खातेदारी से खातेदारी प्रकरणों एवं पंजीयन वसूली के प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता से किया जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व वसूली के लक्ष्यों की प्राप्ति की प्रगति बढ़ाई जावे। उन्होंने निर्देश दिए की सीमा ज्ञान के लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण हो।

उप पंजीयक कार्यालय निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया जावे। इन प्रकरणों के संबंध में निस्तारण का भौतिक सत्यापन भी किया जावे। निरीक्षण के दौरान केशोरायपाटन तहसीलदार सुनीता सांखला सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

**श्री अन्नपूर्णा रसोई का किया निरीक्षण :** जिला कलेक्टर ने केशोरायपाटन रोडवेज बस स्टैंड स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने भोजन के लिए कराए गए पंजीयन की जानकारी ली। उन्होंने रसोई में पकाए जा रहे भोजन के बारे में जानकारी ली तथा साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने और भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

## राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में कार्मिकों का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री नि:शुल्क निरोगी राजस्थान (दवा) योजना के क्रियान्वयन में देशभर में राजस्थान को प्रथम स्थान प्राप्त करने एवं इस उपलब्धी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समस्त कार्मिकों के योगदान को ध्यान में रखते हुए राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में उक्त योजना के अन्तर्गत कार्यरत समस्त फार्मासिस्टों, कम्प्यूटर आपरेटर एवं डीडीसी हैल्पर को सम्मानित करने हेतु सम्मान समारोह आयोजित किया गया।जिला चिकित्सालय स्तर पर मुख्यमंत्री नि:शुल्क निरोगी राजस्थान (दवा) योजना के संचालन की कमान फार्मासिस्टों के हाथों में देने एवं फार्मासिस्ट कार्यालय की सौगात देने वाले डॉ चैतन्य रावत (प्रमुख चिकित्सा अधिकारी) राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय को समस्त एमएनडीवाई कार्मिको द्वारा माला, साफा पहनाकर व रामलला तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया।उक्त कार्यक्रम मे डा. सुमेर सिंह गुर्जर,पूरणसिंह शेखावत वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी, महेश चन्द मीणा प्रभारी, समस्त फार्मासिस्ट रविन्द्र चौधरी,जयकुमार जामडोलिया,अविनाश नारवाल,अंजू यादव, ममता सैनी,होशियार सिंह,अनिल हथवाला, संजीव विजय,रामावतार स्वामी,सचिन स्वामी, हवासिंह यादव, सहायक प्रोग्रामर, कम्प्यूटर आपरेटर एवं डीडीसी हैल्पर उपस्थित रहे।

## कैम्पर पलटी, 32 स्कूल छात्र छात्राएं घायल, 2 की मौत : मेघसर व धीरवास के बीच की दुर्घटना

बढ़ता राजस्थान



**साहवा ( नि.स. )।** तारानगर क्षेत्र के गाँव मेघसर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के एक अध्यापक के सेवानिवृत पर हुए विदाई समारोह के कार्यक्रम में प्रितिभोज अध्यापक के गांव धीरवास में रखा गया था। कार्यक्रम में शामिल होने के लिये विद्यालय के छात्र एक कैम्पर वाहन में सवार होकर मेघसर गांव से धीरवास जा रहे थे तो रास्ते में नाथो की ढाणी के पास ही उक्त बोलेरो कैम्पर वाहन सन्तुलन बिगड़ने से पलट गयी। तारानगर के उप जिला अस्पताल के पीएमओ डॉक्टर देवीलाल जोशी ने बताया कि कैम्पर से हादसे के शिकार 37 बच्चे घायल हो गये जिनमें से 32 बच्चो को तारानगर के राजकीय चिकित्सालय में ईलाज के लिये लाया गया व 5 बच्चो को क्षेत्र के संजीवनी अस्पताल ईलाज के लिये ले जाया गया। राजकीय चिकित्सालय में लाते समय उन 32 बच्चो में से आदित्य नाम के छात्र ने तो रास्ते में ही तोड़ दिया जिसका शव मोर्चरी में रखवा दिया गया व तीन बच्चो को तुरन्त चूरू रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि चूरू रेफर होने वालो में से एक ने भी रास्ते में ही दम तोड़ दिया। तारानगर के राजकीय चिकित्सालय में कुल 28 बच्चो का वर्तमान में ईलाज चल रहा है जो खतरे से बाहर है तो वहीं संजीवनी अस्पताल में 5 बच्चो का ईलाज चल रहा है तो वो भी खतरे से बाहर बताये जा रहे है। जैसे ही घायल बच्चो को राजकीय एम्बूलेंस सहित विभिन्न वाहनो की मदद से तारानगर के राजकीय चिकित्सालय लाया गया तो वहां के चिकित्सको व उनके स्टाफ ने गम्भीरता दिखाते हुए तुरन्त घायलो की चिकित्सा प्रारम्भ कर दिया और तत्परता दिखाते हुए समय में ईलाज किया गया।

## सम्पादकीय

### लगातार हो रहे रेल हादसों की गवाह बनीं पटरियां, सरकार को याद नहीं आ रहा अपना ही किया वादा

रेल हादसों पर विराम लगाने के दावे तो खूब बढ़-चढ़ कर किए जाते हैं, पर हकीकत यह है कि इनमें लगातार बढ़ोतरी ही देखी जा रही है। पिछले एक वर्ष में कई गंभीर रेल दुर्घटनाएं मामूली सावधानियां न बरती जा सकने की वजह से हो गईं। अभी मुंबई से हावड़ा जा रही गाड़ी के अठारह डिब्बे झारखंड के चक्रधरपुर में इसलिए पटरी से उतर गए कि चालक को अचानक ब्रेक लगाना पड़ा। वह गाड़ी जिस रास्ते से आ रही थी, वहां पहले ही एक मालगाड़ी पटरी से उतर चुकी थी। अब रेल मकमा इस बात की जांच कर रहा है कि मुंबई-हावड़ा मेल के चालक को मालगाड़ी पलटने के बारे में सूचना दी गई थी या नहीं।

गनीमत है कि इस हादसे में बहुत बड़ा नुकसान नहीं हुआ। दो लोगों की मौत और आठ लोगों के घायल होने की सूचना है। अठारह बोगियों के पटरी से उतरने का मतलब है कि यह हादसा और बड़ा हो सकता था। पिछले वर्ष ओड़ीशा के बालासोर में तीन गाड़ियों के टकराने से हुए हादसे के वक्त से गाड़ियों के चालन में सुरक्षा उपायों को चुस्त बनाने पर जोर दिया जा रहा था। मगर उसके बाद भी एक के बाद एक कई बड़े हादसे हो गए। पिछले एक महीने में ही तीन बड़े हादसे हो गए। रेल हादसों की वजहें किसी से छिपी नहीं हैं। हर बार यह संकल्प दोहराया जाता है कि जल्दी ही हर गाड़ी में टक्कररोधी उपकरण लगा लिए जाएंगे, जिससे हादसों पर रोक लग सकेगी। मगर लगातार हो रहे हादसों की प्रकृति को देखते हुए यह दावा नहीं किया जा सकता कि अकेले टक्कररोधी उपकरण से इस समस्या पर पूरी तरह अंकुश लग पाएगा। रेलवे का दावा है कि अनेक मार्गों पर कंप्यूटरीकृत संचालन प्रणाली लगा दी गई है। पटरियां बदलने और संकेतक आदि के लिए आधुनिक उपकरण लगा दिए गए हैं। मगर देखा गया है कि इनके ठीक से काम न करने या इनका संचालन ठीक से न किए जाने के कारण ही अक्सर हादसे हो जाते हैं। आखिरकार आधुनिक उपकरणों का संचालन भी मानवीय रूप से किया जाता है। एक तरफ तो हम तेज रफ्तार और सुविधाजनक गाड़ियां चला कर हवाई सेवाओं पर बढ़ते बोझ को कम करने का दावा करते हैं, दूसरी तरफ पटरियों और संचालन प्रणाली पर अपेक्षित ध्यान नहीं दे पाते। यह भी छिपी बात नहीं है कि रेल सेवाओं में बेहतरी के दावों के बीच इस पर अपेक्षित खर्च नहीं हो पाता। रेल की ज्यादातर पटरियां पुरानी हो चुकी हैं, उन पर गाड़ियों का बोझ लगातार बढ़ते जाने की वजह से वे खतरनाक साबित होती हैं। उन्हीं पटरियों पर तेज रफ्तार गाड़ियां भी चलाने की कोशिश की जा रही है। विचित्र यह है कि मौजूदा रेल मंत्री के कार्यकाल में लगातार हादसों के बावजूद उनकी सेहत पर मानो कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। देश के करोड़ों लोग आज भी रेलों पर ही निर्भर हैं। माल ढुलाई का बड़ा हिस्सा रेलों से होता है। ऐसे में रेल मार्गों को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने की अपेक्षा स्वाभाविक है। मगर निजी कंपनियों को जिम्मेदारी सौंप कर सरकार स्टेशनों के सौंदर्यीकरण पर ही जोर देती अधिक नजर आती है। पटरियों और रेल संचालन के आधुनिकीकरण को लेकर उतनी गंभीर नहीं है।

# ओलम्पिक 2024 में भारत के ऐतिहासिक धमाल की उम्मीदें

**मनु ने अपनी पिछली हार को प्रेरणा का माध्यम बनाया, भगवद् गीता के सर्वकालिक संदेश कर्म किए जाने के मंत्र का अनुसरण करते हुए मनु ने नये संकल्प एवं बुलंद इरादे से मेहनत की। एक साल में चार कोच आजमाने के बाद फिर पुराने कोच जसपाल राणा को याद किया। जसपाल भी जानते थे कि मनु में इतिहास की नई इबारत लिखने की संभावना निहित है। जसपाल भी अपनी अकादमी के सौ छात्रों को भुलाकर पेरिस में मनु को कामयाब बनाने में जुटे। निस्संदेह, देश में खिलाड़ियों की कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें वह वातावरण देने की, जिसमें उनकी प्रतिभा में निखार आ सके। केंद्रीय खेल मंत्री के अनुसार, खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र सरकार ने मनु भाकर की ट्रेनिंग में दो करोड़ रुपये खर्च किए। यह सुखद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यक्तिगत दिलचस्पी ने खेल-कूद के प्रति सार्वजनिक प्रयासों को एक नई ऊर्जा दी है।**

ललित गर्ग



एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की तब मिट्ठियां तन गयी, यकीनन ये गर्व के क्षण हैं, जब मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने ओलम्पिक में पदक दिलाये। 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्द्धा का कांस्य पदक कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड को समेटे हुए है। 28 जुलाई को 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग श्रेणी में कांस्य जीतकर मनु पहले ही निशानेबाजी में देश के लिए ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन चुकी हैं और अब इस नई कामयाबी के साथ एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने का राष्ट्रीय गौरव एवं ऐतिहासिक कीर्तिमान भी उनके हिस्से आ गया है। दोनों खिलाड़ियों ने जता दिया कि खेलों में ही वह सामर्थ्य है कि वह देश एवं दुनिया के सोये स्वाभिमान को जगा देता है, क्योंकि जब भी कोई अर्जुन धनुष उठाता है, निशाना बांधता है तो करोड़ों के मन में एक संकल्प, एकाग्रता का भाव जाग उठता है और कई अर्जुन पैदा होते हैं। अनूठा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी माप बन जाते हैं और जो माप बन जाते हैं वे मनुष्य के उत्थान और प्रगति की श्रेष्ठ, सकारात्मक एवं राष्ट्र को गौरवान्वित करने की स्थिति है। पेरिस में खेलों के महाकुम्भ ओलम्पिक 2024 के आयोजन में भारतीय खिलाड़ियों का जज्बा, ऐतिहासिक प्रदर्शन एवं संकल्प भारतीय मनुष्य के मन और माहौल को बदलने का माध्यम बनेगा, ऐसा विश्वास है। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से भारत में ऊर्जा का संचार होगा, विश्वास, उम्मीद एवं उमंग जागेगी। जीवन के प्रति सकारात्मक रवैये को भी ये भारतीय खिलाड़ी नया आयाम देंगे।

शाबाश मनु! तुमने न केवल हरियाणा बल्कि भारतीय लैंगिक भेदभाव की मानसिकता को चुनौती दी है, मनु की दोहरी सफलता का संदेश साफ है कि 'बेटी पढ़ाओ, खूब खेलाओ।' बेटियां भारत का मान एवं शान बनकर दिखायेंगी। मनु ने दो कांस्य पदक ही नहीं जीते, कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए। वह ओलंपिक में शूटिंग में पदक जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी ही नहीं बनी, बल्कि भारत की ओर से एक ही ओलंपिक में दो पदक हासिल करने वाली पहली खिलाड़ी भी बनी। मनु की यह उपलब्धि इस मायने में भी खास है कि टोक्यो ओलंपिक में उसकी पिस्टल में खराबी आने के कारण वह जीत के दरवाजे के बाहर से ही लौट आयी थी। वह लंबे समय तक तकनीकी कारणों से मिली असफलता के तनाव एवं अवसाद से जूझती रही। लेकिन उस असफलता के अवसाद को दरकिनार कर दोहरी सफलता पाना निश्चित रूप से तमाम युवाओं के लिये प्रेरणा की मिसाल बनी है, वास्तव में हमारी नकारात्मकता को सकारात्मकता में बदलने का सशक्त माध्यम बनी है। इस खेलों के महाकुम्भ से निश्चित ही अस्तित्व को पहचानने, दूसरे अस्तित्वों से जुड़ने, विश्वव्यापी पहचान बनाने और अपने अस्तित्व को दुनिया के लिये उपयोगी बनाने की भूमिका बनेगी। राष्ट्र का एक भी व्यक्ति अगर दृढ़ संकल्प से आगे बढ़ने की ठान ले तो वह शिखर पर पहुंच सकता है। विश्व को बौना बना सकता है। पूरे देश के निवासियों का सिर ऊंचा कर सकता है, भले ही रास्ता कितना ही कांटों भरा हो, अवरोधक हो। देश में प्रतिभाओं और क्षमताओं की कमी नहीं है। चैंपियंस अलग होते हैं, वे भीड़ से अलग सोचते एवं करते हैं और यह सोच एवं कृत जब रंग लाती है तो बनता है इतिहास। हमारे खिलाड़ी कुछ इसी तरह चैंपियन बनकर उभरेंगे, दुनिया को चौंकाएंगे, सबके प्रेरणा बनेंगे, ऐसा विश्वास है। दस मीटर एयर पिस्टल के मिक्स्ड टीम इवेंट में मनु और सरबजोत सिंह की कामयाबी कई मायनों में खास है क्योंकि उन्होंने कोरिया के दिग्गज खिलाड़ियों को हराकर यह सफलता हासिल की। कोरियाई टीम में एक वह शूटर भी शामिल थी जिसने रविवार के दस मीटर एयर पिस्टल वर्ग में नये ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता था। यह जीत इन खिलाड़ियों के मजबूत मानसिक स्तर की ही परिचायक है क्योंकि शूटिंग के खेल में गहरी मानसिक एकाग्रता व ऊंचे आत्मविश्वास की जरूरत होती है। देश के हरेक हिस्से से प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें तराशने वाले अकेले खेलो इंडिया कार्यक्रम के लिए 900 करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन इसका प्रमाण है। मनु और आगे बढ़ो, क्योंकि देश को तुमसे एक और पदक की उम्मीदें लगी है। अभी पेरिस में मनु की प्रिय स्पर्धा पच्चीस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा बाकी है। उम्मीद करें की एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों की उम्मीदों पर मनु फिर खरी उतरेगी। देश की आर्थिक समृद्धि ने सरकारों को जहां खेलों में अधिक निवेश की सहूलियत दी। दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश खेलों में भी अग्रणी बन रहा है। समाज ने भी खेल-कूद से जुड़े अपने पुराने जुमलों एवं संकीर्ण मानसिकता को बदला है। परिणाम सामने है। आज हम दहाई अंक में ओलंपिक पदकों की उम्मीद बांध रहे हैं, तो मनु भाकर का शानदार आगाज इस अपेक्षा को मजबूत आधार दे रहा है। मगर अभी भारत को मीलों की दूरी तय करनी है। ओलंपिक की पदक तालिका में शीर्ष क्रम पर आने के लिए हमें अपने खेल संगठनों को पेशेवर बनाना होगा, उन्हें राजनीतिक विवादों एवं राजनीति से दूर रखना होगा। पिछले दिनों कुश्ती महासंघ के विवाद ने काफी कटु स्मृतियां छोड़ी हैं। ऐसे विवादों के त्वरित निपटारे की जरूरत है, ताकि खिलाड़ी हताश न हों और उनको अदालत की शरण लेने की नौबत न आए। भारतीय खिलाड़ी निशानेबाजी, कुश्ती, भारोत्तोलन, हॉकी, भाला फेंक, बॉक्सिंग में अपना लोहा मनवा चुके हैं, दूसरी विधाओं में भी संभावनाएं कम नहीं हैं। मनु भाकर जैसी प्रतिभाएं आश्वस्त कर रही हैं कि अपनी कमियों को जीतना हम जानते हैं। भरोसा रखिए, ओलंपिक खेलों में हमारे गौरव के पदक धारक बेटे-बेटियों की तादाद पर दुनिया ईर्ष्या करने को बाध्य होगी। नित-नयी विपरीत स्थितियों की धुंध को चीरते हुए भारत के खिलाड़ी एवं खेल प्रतिभाओं के जज्बे से ऐसे उजालों का अवतरण होगा कि दुनिया आश्चर्य करेंगी। एक ऐसी रोशनी अवतरित होगी जिससे भारतवासियों को प्रसन्नता, गर्व, अभय एवं आशा का प्रकाश मिलेगा। 2024 के पेरिस ओलंपिक से हमें बेहद उम्मीदें हैं। क्योंकि यहां तक पहुंचते-पहुंचते कईयों के घुटने घिस जाते हैं। एक बूंद अमृत पीने के लिए समुद्र पीना पड़ता है। पदक बहुतों को मिलते हैं पर सही खिलाड़ी को सही पदक मिलना खुशी देता है। ये देखने में कोरे पदक हैं पर इसकी नींव में लम्बा संघर्ष और दृढ़ संकल्प का मजबूत आधार छिपा है। राष्ट्रीयता की भावना एवं अपने देश के लिये कुछ अनूठा और विलक्षण करने के भाव ने ही खेलों में भारत की साख को बढ़ाया है। ओलंपिक खेलों में विजयगाथा लिखने को बेताब देश की बेटियां, एवं अन्य खिलाड़ी अभूतपूर्व सफलता का इतिहास रचने को तत्पर है, उनकी आंखों में तैर रहे भारत को अव्वल बनाने के सपने को जीत का हार पहनते देखने का यह समय निश्चित ही रोमांचित एवं गौरवान्वित करने वाला होगा। जाहिर है कि सही वक्त पर, सही प्रतिभा को प्रोत्साहन एवं प्राथमिकता मिल जाए तो खेलों की दुनिया में देश का नाम सोने की तरह चमकते अक्षरों में दिखेगा।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहा आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारस्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा। मित्रों से मुलाकात होगी।

**वृष**
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा।

**मिथुन**
बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा।

**कर्क**
स्वजनों एवं परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। आज कोई नया काम शुरू ना करें। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा और ज्यादा परिश्रम के बाद ही सफलता मिलेगी। दुर्घटना हो सकती है, सावधान रहें। आज आपका दिन बहुत लाभदायी है।

**सिंह**
अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा।

**कन्या**
नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है। तन-मन की तंदुरस्ती अच्छी रहेगी।

**तुला**
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो, इसका खास ध्यान रखें।

**वृश्चिक**
माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

**धनु**
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा।

**मकर**
पानी वाली जगहों से दूर रहें। आज धन का व्यय अधिक होगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा। महिलाओं के मायके से समाचार आने के योग हैं।

**कुंभ**
संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे।

**मीन**
मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा।

## शख्सियत



डॉ.मनोज कुमार शर्मा
( प्रिंसिपल, नर्सिंग कॉलेज )

नमस्कार मित्रों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं,डॉ मनोज कुमार शर्मा 26 नवंबर 1976 को जन्मे, अलवर के आर आर कॉलेज से बीएससी करने के बाद बैंगलोर से बीएससी नर्सिंग की डिग्री ली फिर फिरोजपुर पंजाब मे एक नर्सिंग संस्थान मे करीब 2.5 साल नर्सिंग ट्युटर के पद पर कार्य किया फिर हासन कर्नाटक से एमएससी मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग विषय मे की और 2016 मे जयपुर से पीएचडी की डिग्री हासिल की अमृतसर पंजाब मे नर्सिंग कॉलेज मे लेक्चरर के पद पर कार्य किया द्य सन् 2009 मे अपनी माँ के देहांत के बाद अगस्त 2010 से अलवर के कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग हरीश हॉस्पिटल मे पहले असिस्टेंट प्रोफेसर और बाद मे प्रिंसिपल के पद पर कार्यरत हैद्य नोकरी के दौरान पल्स पोलियो अभियान मे सुपरवाइजर, कोरोना के समय मे अलवर शहर के कई इलाको मे अलवर सीएमएचओ द्वारा लगाई गयी डोर टु डोर सर्वे और आमजन को जागरूक करने की ड्यूटी मे काम किया, कॉलेज के स्टाफ के साथ मेडिकल टीम के रूप मे अलवर पुलिस के साथ शहर के बाहर से आने वाले लोगो की स्वास्थ्य जाँच के लिए शिवाजी पार्क मे भी कई दिनों तक अपनी सेवाएं दी , नर्सिंग शिक्षा क्षेत्र मे भी योगदान के लिए कई बार राज्य सरकार द्वारा राज्य स्तरीय पुरुस्कार से सम्मानित किया जा चुका है । अपनी स्वर्गीय माताजी की प्रेरणा से गायत्री परिवार के साथ सन् 2000 से जुड़े और एक सक्रिय कार्यकर्ता के रूप मे पिछले 9 सालों से लोगो को घर घर जाकर धर्म और संस्कृति से जोड़ना, 3 साल सप्त आंदोलन उप प्रभारी और 3 साल ट्रस्टी के रूप मे अपनी सेवाएं दी है और वर्तमान मे मीडिया प्रभारी है द्य गायत्री परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर मोती डुंगरी और शहर के अन्य जगहो पर पोधारोपण कर और उन्हे नियमित पानी देने का कार्य जो आज तक भी जारी है । करीब 75 नशा मुक्ति कैम्प नशा मुक्ति इंचार्ज के तौर पर अलवर शहर के विभिन्न इलाको मे गायत्री परिवार के सदस्यों के साथ प्रोजेक्टर के माध्यम से वीडियो दिखा कर नशे से होने वाले नुकसान के बारे मे बताना, दीप यज्ञ के माध्यम से समझाना और उचित दवाइयाँ होमियोपैथिक चिकित्सको डॉ आदित्येंदर विजय और श्री विजय गुप्ता द्वारा दिलवाना । इनकी धर्मपत्नी श्रीमती कीर्ति शर्मा भी एमएससी माइक्रोबायोलॉजी से है और गेस्ट लेक्चरर के पद पर कार्यरत है वर्तमान मे गायत्री शक्तिपीठ अलवर पर ट्रस्टी के पद पर है जो कर्मकांड के साथ गर्भवती महिलाओ के लिए कार्यक्रम आओ गढ़े संस्कारवान पीढी मे अपना सहयोग देती है। 2 वर्ष पूर्व अपने इकलोते बेटे अक्षत के देहांत के दुख से निकलते हुए ज्यादतर समय समाज हित मे नियमित गायों को हरा चारा डालना, कुछ आर्थिक रूप से असक्षम बच्चो को स्कूल यूनिफॉर्म, बैग, पानी की बोतल आदि देना, कई अनाथ आश्रम और वृद्ध आश्रम मे सहयोग करना,पक्षियों के लिए दाना पानी की अपने घर की छत और शहर मे कई जगह व्यवस्था करना जैसे कार्यो से मन को संतोष देते हैद्य दैनिक बढ़ता राजस्थान टीम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

**जय हिंद**


## आज का इतिहास

### 1 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- प्रसिद्ध खोजी नाविक क्रिस्टोफर कोलंबस वेनेजुएला के इस्ला सांता में 1498 को उतरा।
- स्वीज़रलैंड की स्वतंत्रता को 1648 में औपचारिकता दी गयी और आज के दिन को इस देश का राष्ट्रीय दिवस घोषित किया गया।
- नए लंदन ब्रिज को 1831 में यातायात के लिए खोल दिया गया।
- ग्रेट ब्रिटेन में अंतर्देशीय डाक सेवा 1883 में शुरू की गयी।
- कोलोराडो अमेरिका का 38वां राज्य 1876 में बना।
- पहला चीन और जापान युद्ध 1894 शुरू हुआ।
- जर्मनी ने 1914 में प्रथम विश्व युद्ध की शुरूआत में रूस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- स्वतंत्रता सेनानी तथा 'आयरन लेडी' के नाम से मशहूर श्रीमती एनी बेसेंट ने 1916 में बाल गंगाधर तिलक के सहयोग से होम रूल लीग के अध्यक्ष दादाभाई नौरोजी के साथ मिलकर होम रूल लीग आंदोलन की शुरूआत की।
- महात्मा गांधी ने 1920 में असहयोग आंदोलन की शुरुआत की।
- महात्मा गांधी ने 1920 में ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रदत्त केसर ए हिंद पुरस्कार को लौटाया।
- तानाशाह शासक एडॉल्फ हिटलर ने 1936 को बर्लिन में हुये ओलंपिक खेलों की अध्यक्षता की।
- भारत और पाकिस्तान के बीच 1947 में शक्तियों का बंटवारा।
- लार्ड माउंटबेटन भारत के गवर्नर जनरल और मोहम्मद अली जिन्ना पाकिस्तान के गवर्नर जनरल 1947 में बने।
- प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 1952 में सफदरजंग में राष्ट्रीयकृत एयरवेज का उद्घाटन किया।
- क्यूबा के पूर्व राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो को 1953 में गिरफ्तार किया गया।
- देश में सभी एयरलाइंसों का राष्ट्रीयकरण 1953 को किया गया।
- नेशनल बुक ट्रस्ट की स्थापना 1957 में हुई।
- आचार्य विनोबा भावे को 1958 में रमन मैगसेसे पुरस्कार दिया गया।
- पाकिस्तान की राजधानी कराची से 1960 को बदलकर इस्लामाबाद कर दिया गया।
- दुर्बा बनर्जी विश्व की पहली कमर्शियल महिला पायलट 1975 में बनीं।
- तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने 1992 में विजाग स्टील प्लांट राष्ट्र को समर्पित किया।

## विशेष आलेख

# सावन मास का महत्व एवं शिव की शरण



सावण मास को मासोत्तम मास कहा जाता है। सावण मास अपना एक विशिष्ट महत्व रखता है। यह माह अपने हर एक दिन में एक नया सवेरा दिखाता। इसके साथ जुड़े समस्त दिन धार्मिक रंग और आस्था में डूबे होते हैं। इस माह की प्रत्येक तिथि किसी न किसी धार्मिक महत्व के साथ जुड़ी हुई होती है। शास्त्रों में सावन के महात्म्य पर विस्तारपूर्वक उल्लेख मिलता है। श्रवण नक्षत्र तथा सोमवार से भगवान शिव शंकर का गहरा संबंध है। इस मास का प्रत्येक दिन पूर्णता लिए हुए होता है। धर्म और आस्था का अटूट गठजोड़ हमें इस माह में दिखाई देता है। इसका हर दिन व्रत और पूजा पाठ के लिए महत्वपूर्ण रहता है। देवों के देव शिव की भक्ति के लिये सावण मास का विशेष महत्व है। शास्त्रों में वर्णित है कि सावन महीने में भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं। इसलिए यह समय भक्तों और साधु-संतों सभी के लिए अमूल्य होता है। इस समय सृष्टि के संचालन का उत्तरदायित्व भगवान शिव ग्रहण करते हैं। इसलिए सावन के प्रधान देवता भगवान शिव बन जाते हैं और वे समाज उपेक्षितों, भक्तों एवं पीड़ितों की सहायता करते हैं।

सावन मास की अनेकानेक विशेषताएं एवं अलौकिकताएं हैं। मनीषियों का कहना है कि समुद्र मंथन भी श्रावन मास में ही हुआ। इस मंथन से 14 प्रकार के तत्व निकले। उसमें एक कालकूट विष भी निकला, उसकी भयंकर ज्वाला से समस्त ब्रह्माण्ड जलने लगा। इस संकट से व्यथित समस्त जन भगवान शिव के पास पहुंचे और उनके समक्ष प्रार्थना करने लगे, तब सभी की प्रार्थना पर भगवान शिव ने सृष्टि को बचाने हेतु उस विष को अपने कंठ में उतार लिया और उसे वहीं अपने कंठ में अवरूद्ध कर लिया।

इस प्रकार इनका नाम नील कंठ पड़ा। इसके बाद देवताओं ने भगवान शिव को जहर के संताप से बचाने के लिए उन्हें गंगाजल अर्पित किया। इसके बाद से ही शिव भक्त सावण मास में भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। ज्योतिर्लिंगों का दर्शन एवं जलाभिषेक करने से अश्वमेघ यज्ञ के समान फल प्राप्त होते हैं तथा शिवलोक की प्राप्ति होती है, ऐसी मान्यता है। इन दिनों में अनेक प्रकार से शिवलिंग का अभिषेक किया जाता है जो भिन्न-भिन्न फलों को प्रदान करने वाला होता है। जैसे कि जल से वर्षा और शीतलता की प्राप्ति होती है। दूग्ध अभिषेक एवं घृत से अभिषेक करने पर योग्य संतान की प्राप्ति होती है। ईख के रस से धन संपदा की प्राप्ति होती है। कुशोदक से समस्त व्याधि शांत होती है. दधि से पशु धन की प्राप्ति होती है और शहद से अभिषेक करने से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।

इसके अतिरिक्त एक अन्य कथा के अनुसार, मरकंडू ऋषि के पुत्र मारकण्डेय ने लंबी आयु के लिए सावन माह में ही घोर तप कर शिव की कृपा प्राप्त की थी, जिससे मिली मंत्र शक्तियों के सामने मृत्यु के देवता यमराज भी नतमस्तक हो गए थे। इस महीनें में गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, पंचाक्षर मंत्र इत्यादि शिव मंत्रों का जाप शुभ फलों में वृद्धि करने वाला होता है और जीवन रक्षक माना गया है। भगवान शिव को सावन का महीना प्रिय होने का एक अन्य कारण यह भी है कि भगवान शिव सावन के महीने में पृथ्वी पर अवतरित होकर अपनी ससुराल गए थे और वहां उनका स्वागत आर्घ्य और जलाभिषेक से किया गया था। माना जाता है कि प्रत्येक वर्ष सावन माह में भगवान शिव अपनी ससुराल आते हैं। भू-लोक वासियों के लिए शिव कृपा पाने का यह उत्तम समय होता है।

भगवान शिवशंकर करोड़ों सूर्य के समान दीप्तिमान हैं। जिनके ललाट पर चन्द्रमा शोभायमान है। नीले कण्ठ वाले, अभीष्ट वस्तुओं को देने वाले हैं। तीन नेत्रों वाले यह शिव, काल के भी काल महाकाल हैं। कमल के समान सुन्दर नयनों वाले अक्षमाला और त्रिशूल धारण करने वाले अक्षर-पुरुष हैं। यदि क्रोधित हो जाएं तो त्रिलोक को भस्म करने के शक्ति रखते हैं और यदि किसी पर दया कर दें तो त्रिलोक का स्वामी भी बना सकते हैं। यह भयावह भव सागर पार कराने वाले समर्थ प्रभु हैं। भोले नाथ बहुत ही सरल स्वभाव, सर्वव्यापी और भक्तों से शीध्र ही प्रसन्न होने वाले देव हैं। उनके सामने मानव क्या दानव भी वरदान मांगने आये तो उसे भी मुंह मांगा वरदान देने में वे पीछे नहीं हटते हैं।

भगवान शिव के प्रति जन-जन की भक्ति और निष्ठा, उनका समर्पण और उनकी स्तुति अनायास नहीं है, बल्कि भक्तों ने शिव की भक्ति में वह सब कुछ पाया है, जो उन्होंने चाहा है। यह उस अनादिअनंत, शांतस्वरूप पुरुषोत्तम शिव की भक्ति और वंदना का ही परिणाम है कि व्यक्ति अपनी परेशानियों, असाध्य बीमारियों से उभरकर स्वस्थ बन जाता है, अपने भौतिक जीवन में हर कामनाओं को पूर्ण होते हुए देखता है। वस्तुत: अपने विरोधियों एवं शत्रुओं को मित्रवत बना लेना ही सच्ची शिवभक्ति है। जिन्हें समाज तिरस्कृत करता है उन्हें शिव गले लगाते हैं। तभी तो भक्त भगवान शिव की शरण आकर निश्चिंत हो जाता है, तभी तो अछूत सर्प उनके गले का हार है। अधम रूपी भूत-पिशाच शिव के साथी एवं गण हैं। शिव सच्चे पतित पावन हैं। उनके इसी स्वभाव के कारण देवताओं के अलावा दानव भी शिव का आदर करते हैं और भक्ति करते हैं। समाज जिनकी उपेक्षा करता है, शंकर उन्हें आमंत्रित करते हैं। ऐसे पालक रुद्रदेव की शरण में भक्त स्वयं को निश्चिंत, सुखी, समृद्ध महसूस करता है। हर व्यक्ति शिव की स्तुति एवं भक्ति करते हुए अपने जीवन को सार्थक मानता हैं, क्योंकि भगवान शिव अपने भक्तों को बहुत फल देने वाले हैं, उनकी हर मनोकामना को पूरा करने वाले हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# पदयात्रियो को हर सुविधाऐं उपलब्ध करवाना हम सभी का नैतिक दायित्व : डॉ. सौम्या झा

## मेले के दौरान सात सो सुरक्षा कर्मियों के घेरे में रहेंगी डिग्गी : जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैण

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** पंचायत समिति मालपुरा के सभागार में डिग्गी में 11 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले 59वें लक्खी पदयात्रा मेले की व्यवस्थाओं को लेकर जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता एवं जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैण की मौजुदगी में बैठक आयोजित हुई। बैठक में मौजुद जिला एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियो को सम्बोधित करते हुए जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा ने कहा कि पदयात्रा मेले के दौरान आने वाले सभी श्रद्धालु हमारे मेहमान समान है। अब अपने घर आए मेहमानो को हर प्रकार की सुविधाऐं उपलब्ध करवाते हैं ठीक उसी तरह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि बाहर से हमारे यहां आने वाले मेहमान रूपी श्रद्धालुओं को हर प्रकार की सुविधाऐं उपलब्ध कराऐं। उन्होंने कहा कि भगवान के दर आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करने का पुण्य लाभ भी भगवान की सेवा व भक्ति करने के समान ही प्राप्त होता है। बैठक में मेले को लेकर साफ सफाई, बिजली, पानी, चिकित्सा, सड़क, सहित सुरक्षा व्यवस्थाओ पर विचार विमर्श कर जिला कलक्टर ने संबन्धित अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। जिसमें साफ सफाई की मुख्य जिम्मेदारी ग्राम पंचायत डिग्गी करेगी लेकिन इसमें नगरपालिका मालपुरा का सहयोग प्राप्त किया जा सकेगा। मन्दिर ट्रस्ट की ओर से मेला अवधि के दौरान डिग्गी चौपड़ चौराहे से लेकर मन्दिर तक सड़क के दोनो ओर बेरिकेटिंग लगाई जाएगी। जिसमें एक बेरिकेटिंग से श्रद्धालु दर्शनो के लिए मन्दिर तक जाएगें और दर्शनो के बाद दूसरी तरफ की बेरिकेटिंग से वापस आयेगें। इसके अलावा मन्दिर ट्रस्ट की ओर से सुरक्षा की दृष्टि से मेला अवधि के दौरान अतिरिक्त नीजि सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएगें। वैशाली नगर आगार सहित टोंक आगार द्वारा मेला अवधि के दौरान अतिरिक्त रोडवेज बसो की व्यवस्था की जाएगी। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा डिग्गी आने वाली सड़कों पर मरम्मत का कार्य 5 अगस्त तक हर हाल में पूरा करवाया जाएगा। डिग्गी के मुख्य बाजारो के अतिक्रमण के बारे में बताया गया कि डिग्गी चोपड़ चौराहे से लेकर मन्दिर तक बेरिकेटिंग लग जाने के चलते दुकानदार अपने अतिक्रमण स्वत: ही हटा लेते हैं। लेकिन मुख्य समस्या चौपड़ चौराहे से लेकर धोली दरवाजे व इससे आगे रोडवेज बस स्टेण्ड तक आती है। जिस पर निर्णय रहा कि ग्राम पंचायत द्वारा पुलिस के सहयोग से उपखण्ड प्रशासन के अधिकारियो की मौजुदगी में सभी अतिक्रमण हटाएगी।

बैठक में डिग्गी सरपंच हलीमा व इनके प्रतिनिधि हकीम सहित अन्य सरपंचो द्वारा सांगानेर से मालपुरा की ओर आने वाले सड़क मार्ग की दुर्दशा की ओर ध्यान आकर्षित किया। जनप्रतिनिधियो ने रोड किनारे जंगल कटिंग सहित अन्य मरम्मत कार्य शीध्र करने की मांग रखी गई। बैठक का संचालन उपखण्ड अधिकारी कपिल शर्मा ने किया। पूर्व बैठक के मिनिट्स के बारे में दिनेश विजय ने विस्तार से अधिकारियो को बताया। बैठक में जिला व ब्लाक स्तरीय अधिकारी मौजुद रहे।

**एसपी नैण ने दी सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी :** 59वें लक्खी पदयात्रा मेले को लेकर सुरक्षा व्यवस्था बाबत जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैण के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुवार कस्वां व पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार मीणा के नेतृत्व में मेला अवधि के दोरान की जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बताया गया कि मेला अवधि के दौरान सम्पूर्ण डिग्गी धाम कड़े सुरक्षा घेरे में रहेगी। मेला अवधि के दौरान समूचे डिग्गी में सात सो अधिक सुरक्षा कर्मी तैनात रहेगें। साथ ही इनके अलावा डीवाइएसपी व थानाधिकारी स्तर के कईं अधिकारी भी तैनात रहेगें। उप पुलिस अधीक्षक मीणा ने बताया कि मालपुरा से डिग्गी की ओर जाने वाले जाने वाले वाहनो को पचेवर रोड से एवं मालपुरा से टोंक की ओर जाने वाले वाहनो को टोडारायसिंह होकर भेजा जाएगा। डिग्गी थानाधिकारी कप्तान सिंह ने बताया कि मेला अवधि के दौरान किसी भी पदयात्रा के साथ झांकी ले जाने पर पाबन्दी रहेगी। डिग्गी नुक कड़ चौराहे से डिग्गी की ओर जाने वाले सड़क मार्ग पर एक लेन पर पदयात्री व दूसरी लेन पर केवल रोडवेज बसो का संचालन होगा।



# देवली उपखंड के नासिरदा उप तहसील का स्वास्थ्य केंद्र चल रहा है राम भरोसे

## वर्तमान में एक भी डॉक्टर ड्यूटी पर नहीं अपनी पीड़ा से मरीज हो रहे हैं परेशान, पांच चिकित्सकों के सामूहिक स्वास्थ्य केंद्र में एक चिकित्सक कार्यरत, वह भी छुट्टी पर

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( नि.स. )।** देवली उपखंड के नासिरदा उप तहसील का सामूहिक स्वास्थ्य केंद्र (अस्पताल ) इन दिनों राम भरोसे चल रहा है। नासिरदा ग्राम पंचायत के पांच चिकित्सकों वाले अस्पताल में इन दिनों एक महिला चिकित्सक कार्यरत है। वह भी इन दिनों छुट्टी पर चल रही है । ऐसे उक्त ग्राम पंचायत के आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल रहा है । यहां देखने वाली बात तो यह है कि सुलभ व बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का दावा करने वाली राज्य सरकार की हकीकत ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिलती जाती है। जहां अस्पताल भवन तो है पर उपचार करने वाले चिकित्सक नहीं है। और नर्सिंग स्टाफ भी आधा अधूरा दिखाई पड़ता है । ऐसे हालातो पर आमजन उपचार के लिए भटकने को मजबूर हो रहे हैं। यह हालात नासिरदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के हैं। राज्य सरकार ने यहां स्वास्थ्य केंद्र को क्रमोन्नत कर दिया है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग द्वारा यहां स्वास्थ्य सुविधाए उपलब्ध नहीं करवाई गई है। विभागीय जानकारी के अनुसार नासिरदा स्वास्थ्य केंद्र पर पांच चिकित्सकों के 5 पद स्वीकृत किए हुए है। ऐसे में मौजूदा समय पर मात्र एक चिकित्सक ही कार्यरत है। यहां कार्यरत महिला चिकित्सक भी पिछले कई दिनों से छुट्टी पर चल रही है। अब देखा जाए तो वर्तमान में नासिरदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिना चिकित्सकों की स्थिति पर राम भरोसे चल रहा है। वही पांच नर्सिंगकर्मियों के पद भी रिक्त बने हुए है। इस वक्त केवल तीन नर्सिंगकर्मी काम कर रहे हैं। जैसे तैसे यह नर्सिंग कर्मी क्षेत्र के दर्जनों गांव के ग्रामीणों का छोटा मोटा उपचार कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 14 पद रिक्त चल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अभी हाल ही में कुछ दिनों पहले ग्रामीणों ने भाजपा नेता विजय बैसला को भी ग्रामीणों ने नासिरदा स्वास्थ्य केंद्र मैं बनी हुई गंभीर समस्याओं से अवगत कराया था। वहीं पिछले दिनों ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र की हकीकत की खोल कर रख दी थी। यहां ग्रामीणों ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र पर ना तो चिकित्सक है और ना ही चिकित्साकर्मी है । तो वही ग्रामीणों को बीमारियों से संबंधित जरूरत की दवाइयां भी उपलब्ध नहीं हो रही है । इस गंभीर परिस्थितियों के बीच अपनी बीमारी से जूझ रहे पीड़ित मरीजों को देवली या केकड़ी की ओर इलाज करने के लिए आना पड़ रहा है। ऐसे में राज्य सरकार व स्वास्थ्य विभाग के दावे यहां हकीकत में खोखले साबित होते चले जा रहे हैं। तो वही नासिरदा स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत महिला चिकित्सक अर्चना वर्मा भी इन दोनों छुट्टी पर चल रही है। गौरतलब है कि अभी हाल ही में 3 दिन पहले ग्राम वासियों ने स्वास्थ्य केंद्र पर बनी हुई गंभीर समस्याओं के निस्तारण हेतु स्वास्थ्य केंद्र के नर्सिंग स्टाफ कार्यवाहक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था।

### क्या कहते हैं स्वास्थ्य अधिकारी

नासिरदा स्वास्थ्य केंद्र में खाली चल रहे पदों के बारे में उच्च अधिकारियों को बताया जा चुका है। चार चिकित्सकों के पद रिक्त चल रहे है । तथा महिला चिकित्सक छुट्टी पर चल रही है।

**डॉ जगदीश मीणा**
**ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
**देवली ( टोंक )**

# भाजपाईयो ने जलदाय मंत्री का सम्मान कर आभार प्रकट किया

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा क्षेत्र के भाजपाई जयपुर पंहुच कर प्रदेश के जलदाय मंत्री व मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र के विधायक कन्हैयालाल चौधरी का मालपुरा क्षेत्र को जिला अस्पताल सहित अन्य सौगाते दिलाने पर सम्मान कर आभार प्रकट किया।

राज्य विधानसभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने बजट रिवयू भाषण में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं आयुष संस्थान को जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत किए जाने की घोषणा कर क्षेत्रवासियो का वर्षो का सपना पूरा कर दिया।

मालपुरा के सरकारी अस्पताल को जिला अस्पताल में क्रमोन्नत, मालपुरा में पेयजल संकट के समाधान के लिए तीन उच्च जलाशयो व नई राइजिंग व वितरण पाईप लाइन के लिए 35 करोड़ रूपये तथा उनियारा खुर्द से अजमेर सीमा मनोहरपुरा वाया झाड़ली किशनपुरा सड़क निर्माण के लिए 25 करोड़ 76 लाख रूपये की घोषणा की। इस घोषणा के साथ ही मालपुरा क्षेत्र के भाजपाईयो सहित अन्य आम जन में उत्साह व जोश के साथ उमंग आ गई। इसी के चलते बीति देर शाम मालपुरा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट राजकुमार जैन, भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नरेन्द्र कुमार जैन व भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष त्रिलोचन्द जैन व नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी के नेतृत्व में भारी संख्या में भाजपाई जयपुर पहुंच कर जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी से मिले।

इस दौरान भाजपाईयो ने प्रदेश के प्रथम आम बजट एवं उसके बाद विधानसभा में मुख्यमंत्री द्वारा बजट रिव्यू भाषण के दौरान मालपुरा क्षेत्र को कई सौगाते दिलाने पर जलदाय मंत्री चौधरी का अभिनन्दन पत्र सौंप कर सौगाते दिलाने के लिए आभार प्रकट किया।

इसके अलावा भाजपाईयो ने जलदाय मंत्री चौधरी के अथक प्रयासो से मालपुरा क्षेत्र को दी गई सौगातो के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दीयाकुमारी सहित सम्पूर्ण प्रदेश सरकार का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान भाजपाईयो को विश्वास दिलाते हुए जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने द्वारा किए गए सभी वादे पूरा कर प्रदेश की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश विजय, पूर्व पार्षद एडवोकेट विनय जैन, मनोहर सिंधी,मनीष सोनी, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष एडवोकेट पुरूषोतम सैनी, नोरत बीलवाल, महावीर सिंह कांटोली, नजरूद्धीन देशवाली, अनिल सेन सहित अन्य कई भाजपाई मोजुद रहे।

# जिला कलेक्टर ने वन डिस्क्टिट वन प्रोडक्ट की संभावनाओं को तलाशा



बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** आर्थिक उन्नति एवं सामाजिक उत्थान के लिए औद्योगिकीरण जरूरी है। औद्योगिक विकास बढ़ाने से रोजगार के अधिक अवसर सृजित होते है। साथ ही, लोगों का जीवन स्तर ऊंचा होता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने इसी को ध्यान में रखते हुए बजट में ''वन डिस्क्टिट वन प्रोडक्ट'' पॉलिसी 2024 की घोषणा की है। राज्य के प्रत्येक जिले में एक्सपोर्ट हब बनाए जाने के लिए इसके क्रियान्वयन पर प्रतिवर्ष 100 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। टोंक जिला भी नमदे के सामान एवं सरसों की फसल से तेल उत्पादन में अपना अग्रणी स्थान रखता है। इस क्षेत्र में जिले के लोगों को और अधिक फायदा मिले। इसी को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा प्रयासरत है। उन्होंने टोंक रीको क्षेत्र में नमदे के विभिन्न सामान को स्थानीय स्तर पर तैयार कर निर्यात करने तथा सरसों के तेल उत्पादन की प्रक्रिया को मौके पर जाकर समझा। साथ ही, इस क्षेत्र में काम कर रहे स्थानीय व्यापारियों से बात कर इस क्षेत्र में और विकास की संभावनाओं को तलाशा। जिला कलेक्टर ने व्यापारियों से इस क्षेत्र में आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार से जाना।

जिला कलेक्टर ने दोनों प्रोडक्ट की फैक्ट्रियों में लगभग 2 घंटे भ्रमण कर कच्चे मॉल से बाजार में आने तक सामग्री की कार्य प्रणाली की पूरी प्रक्रिया को देखा। इस दौरान जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सुल्तान सिंह मीणा, रीको के एमडी सीताराम मीणा भी मौजूद रहे।

# खिडगी में बच्चों ने श्री कृष्ण भोग प्रसादी पाकर मनाया जन्मोत्सव

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खिडग़ी में जुलाई माह के जन्मदिन वाले सभी बालक, बालिकाओं एवं शिक्षकों का जन्मदिन 31 जुलाई को संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। प्रधानाचार्य रामखिलाड़ी मीणा ने बताया कि विद्यालय के 48 बच्चों एवं 4 शिक्षकों व्याख्याता हनुमान फागणा, व. अ. सीमा शर्मा, अशोक चौधरी व उर्दू शिक्षक आशिफ अंसारी का जन्मदिन एक साथ ही मनाया गया जिसमें सभी बच्चों को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर विभिन्न संकल्प दिलाए गए। इस दौरान बच्चों ने नियमित विद्यालय आने, नियमित स्वाध्याय करने, अनुशासन में रहने व डॉक्टर, आईएएस व आईपीएस सहित अन्य पदों पर पहुंचने आदि का संकल्प दिलवाया। इस इस अवसर पर पंचायत शिक्षक देवलाल गुर्जर ने कक्षा 1 से 12 के सभी बालक-बालिकाओं के लिए श्रीकृष्ण भोग योजना में विशिष्ट भोजन खीर-पुड़ी व सब्जी बनवाकर प्रसादी वितरित की गई। इस दौरान रामकिशन गुर्जर, रतनलाल जाट, पुष्पा जैन, कौशल्या जाट, अमर चंद मीणा, ज्योति चौधरी व अंकित खंगार सहित कई शिक्षक एवं एसडीएमसी के सदस्य मौजूद थे।

# पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को जनसमस्याओं से करवाया अवगत



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थितरिलायंस पेट्रोल पंप पर पूर्व उपमुख्यमंत्री व टोंक विधायक सचिन पायलट का कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने स्वागत करके क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवाया। इस पर पायलट ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश सचिव ब्रह्मप्रकाश गुर्जर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेशचौधरी, पप्पूलाल मीणा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष बाबूलाल मीणा, विक्रमसिंह गुर्जर, प्रशांत गुर्जर, राहुल, विक्रम मीणा, कमलेश मीणा व राजू गुर्जर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# महामंडलेश्वर स्वामी भजनानंदगिरी महाराज का सप्तम निर्वाण दिवस मनाया धूमधाम से

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** श्री पंचदश नाम जूना अखाड़ा संन्यास आश्रम घाटा करीरिया में ब्रह्मलीन महामण्डलेश्वर स्वामी भजनानंदगिरी महाराज का सातवां निर्वाण दिवस स्वामी कर्मानंदगिरी महाराज के पावन सानिध्य में मनाया गया। इस दौरान श्री गुरु चरण पूजन व महाआरती सहित कई अनुष्ठानों का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पडा। निर्वाण दिवस के अवसर पर महाराजश्री ने पर्यावरण के महत्व को बताते हुए आश्रम परिसर में 51 छायादार व फलदार पौधे लगाए। स्वामी कर्मानंद जी महाराज ने बताया की गुरु के बताए सदमार्ग पर चलने से मनुष्य का जीवन सफल होता है। ज्ञान हमे सशक्त, उन्नत और प्रबुद्ध बनाता है यह शांति, समाधान और सामर्थ्य प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए शिक्षा से ही समाज और देश का सर्वांगीण विकास संभव है। उसके बाद हजारों भक्तगणों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान श्रद्धालु मोहरसिंह कुंडेर, गोविन्द हाकला, गजबसिं गुर्जर व रामेश्वर पोषवाल सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# जल जीवन मिशन योजना के तहत बिछाई जा रही पाइप लाइन की खुदाई के दौरान पहले से बिछी हुई बीसलपुर पाइप लाइन हुई क्षतिग्रस्त, गांव में पेयजल सप्लाई ठप्प

बढ़ता राजस्थान

**निवाई/गुंसी( का.स. )।** ग्राम पंचायत गुंसी में जल जीवन मिशन योजना के तहत बिछाई जा रही पाइप लाइन की खुदाई के दौरान पहले से बिछी हुई बीसलपुर पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने से 3 दिन से गांव में पेयजल सप्लाई बंद पड़ी है। पेयजल आपूर्ति बंद होने से ग्रामीणों को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ममता, गीता, सीमा, पार्वती, माया, लक्ष्मी व मनभर सहित कई महिलाओं ने बताया कि गांव गुंसी में जल जीवन मिशन योजना के लिए तीन दिन पूर्व गांव में पाइप लाइन डालने के लिए जेसीबी से खुदाई की जा रही थी। इसी दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास पूर्व में बिछी हुई बीसलपुर पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इस लाइन के टूट जाने से गांव में पानी की सप्लाई बंद पड़ी है।

महिलाओ ने बताया कि परियोजना अधिकारियों एवं सरपंच को बार बार अवगत करवाए जाने के बाद भी क्षतिग्रत लाइन को ठीक नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि तीन दिन से ग्रामीणों को टैंकरों से पानी खरीदकर डलवाना पड़ रहा है जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को ठीक कर अविलंब पानी की सप्लाई चालू करवाने की मांग की है।

# शिक्षा अधिकारियों ने वाटिका में लगाए पौधे

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में शिक्षाधिकारियों ने पौधारोपण किया। मिशन लाइफ यूथ एवं ईको क्लब प्रभारी रामधन यादव ने बताया कि विद्यालय परिसर में नवीन विकसित वाटिका में पौधारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पन्नालाल बैरवा, कार्यक्रम की अध्यक्ष मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी निवाई दीपिका सैमुअल, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी निवाई रमेशचन्द विजय, पूर्व कार्यवाहक सीबीईओ निवाई हरिनारायण मीना, सीबीईओ मालपुरा मन्जू मीना, आरपी रामकिशन बैरवा, पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी डॉ. योगेन्द्र सिंह नरूका सहित कई अधिकारियों ने पौधारोपण किया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पन्नालाल बैरवा ने कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण के लिए स्व प्रेरणा से पौधारोपण करने की जरूरत है। प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण और इनके संरक्षण को अपने जीवन का मिशन बनाना चाहिए।

# श्रावण मास पर महिला मंडल ने की भजन व रामधुनी

बढ़ता राजस्थान

**पीपलू( नि.स. )।** उपखंड क्षेत्र के श्री कुट वाले बालाजी मंदिर मे श्रावण मास पर महिला मंडल ने भजन व रामधुनी की। भजन व रामधुनी के बाद भगवान की आरती कर श्रदालुओ को प्रसादी वितरण की गई। ढोलक की थाप पर भजन व रामधुनी की शुरूआत हुई। इस दौरान ईश्वरी देवी साहू, प्रेम देवी, अयोध्या देवी, मधु देवी, गीता देवी, सीता देवी व मंदिर पुजारी राधेश्याम वैष्णव सहित कई श्रदालु मौजूद थे।

## केंद्रीय विद्यालय में संविदा शिक्षको को ग्यारह साल से वेतन वृद्धि का इंतजार

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** विष्णु शर्मा संविदा शिक्षक ने बताया कि केन्द्रीय विद्यालय में संविदा शिक्षको को ग्यारह साल से वेतन वृद्धि का इंतजार कर रहे हैं । एक लंबे इंतजार के बाद उनकी सैलरी अभी तक बढ़ती हुई नज़र नहीं आ रही है जबकि आज महंगाई लगातार बढ़ती हुई जा रही है जिसके कारण केंद्रीय विद्यालय में पढ़ने वाले कर्मचारियों को परिवार चलाना मुश्किल होता जा रहा है आज हर विभाग में सैलरी बढ़ती है लेकिन केंद्रीय विद्यालय शिक्षकों की तरफ केन्द्र सरकार ध्यान नहीं दे रही है । आज केंद्रीय विद्यालय पूरे भारत में अपनी एक अलग पहचान रखता है जहां बच्चों को विशेष प्रकार की शिक्षा दी जाती है चाहे खेल कूद हो या पढ़ाई संबंधित हर क्षेत्र में केंद्र विद्यालय के बच्चे आगे रहते हैं लेकिन दूसरी तरफ पढ़ाने वाले शिक्षकों का वेतन बढ़े ग्यारह साल से हो गया केंद्रीय विद्यालय में शिक्षकों का वेतन 2013 में बढ़ा था जो पीजीटी 27500 टीजीटी 26250 पीआरटी 21250 बालवाटिका 21250 रुपए मिलते हैं । केन्द्रीय विद्यालय में संविदा शिक्षको का वेतन 2013 में बढ़ा था जो आज ग्यारह साल हो गए यह संविदा शिक्षक उस सत्र के लिए ही होते हैं । केन्द्रीय विद्यालय में संविदा शिक्षको का वेतन वृद्धि हुए ग्यारह वर्ष हो गए आज इस वेतन से परिवार चलाना मुश्किल हो गया इसलिए केन्द्र सरकार को वेतन वृद्धि करनी चाहिए ।

### कैसे नियुक्त होते संविदा शिक्षक

हर वर्ष मार्च अप्रैल में हर केन्द्रीय विद्यालय में हर पद पर साक्षात्कार लिया जाता है जो उस पद के लिए विशेष योग्यता रखता हों जिनको अगर उस विद्यालय में वह पद रिक्त होता है तो उनको बुला लिया जाता हैं जब स्थाई शिक्षक आ जाते है तो संविदा शिक्षक को हटा दिया जाता है। इसलिए इन शिक्षकों की मांग है उनके लिए सरकार पॉलिसी बनाएं 60 साल की सर्विस के लिए।

## हरियाली तीज पर सघन वृक्षारोपण हेतु तैयारियां करें सुनिश्चित
## राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक में जिला कलक्टर ने दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक बुधवार को आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने सभी तहसीलों, उप तहसीलों के राजस्व अर्जन के लक्ष्य एवं वास्तविक राजस्व अर्जन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी 7 अगस्त को हरियाली तीज के अवसर पर राज्य सरकार से प्राप्त लक्ष्य के अनुसार सघन वृक्षारोपण की तैयारिया सुनिश्चित करें। संबंधित खंड विकास अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाएं। वृक्षारोपण के साथ ही लगाए गए पौधों की बड़े होने तक समुचित देखभाल करवाना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जहां भी चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया है वहां खंड विकास अधिकारी से समन्वय करते हुए वृक्षारोपण के प्रस्ताव मंगवाए। आपदा राहत के प्रस्ताव समय पर भिजवाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्म लाल जाट, उपखंड अधिकारी धौलपुर साधना शर्मा, उपखंड अधिकारी बसेड़ी दिनेश शर्मा, उपखंड अधिकारी राजाखेड़ा मनीषा मीणा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## आज से शुरू होगा विश्व स्तनपान सप्ताह, आयोजित होंगी जागरूकता गतिविधियां

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूक कर शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान चिकित्सा संस्थानों में शिशुओं के लिए स्तनपान को बढ़ावा देने संबधी जागरूकता गतिविधियां होंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयंती लाल मीणा ने बताया कि स्तनपान के संरक्षण, प्रचार एवं समर्थन करने के लिए हर साल अगस्त के पहले सप्ताह को पूरी दुनिया में स्तनपान सप्ताह के तौर पर मनाया जाता है। इस वर्ष यह सप्ताह स्तनपान समर्थन हमारी जिम्मेदारी, सबकी साझेदारी थीम पर मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि शिशु के लिए स्तनपान सर्वोत्तम आहार है। माँ का पहला पीला, गाड़ा दूध (कोलेस्ट्रम) पौष्टिकता से भरपूर होता है जिसमें रोग प्रतिरोधक शक्ति होती है जो शिशुओं को जीवन भर कई रोगों से बचाता है । इस दूध यानि‚कोलेस्ट्रम ' को पहला टीका भी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि विश्व स्तनपान सप्ताह जिला स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर व सीएचसी,पीएचसी, सब सेन्टर तथा ग्राम स्तर तक बैठक एवं संगोष्ठी आयोजित कर स्तनपान के महत्व के बारे में बताया जाएगा।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बालाजी मंदिर में किया वृक्षारोपण



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण महाभियान के तहत छापुड़ा कलां के दक्षिण मुखी बगीची वाले हनुमान जी के मन्दिर में प्रधानाचार्य रमेश चन्द्र शर्मा रा.व. उपाध्याय संस्कृत विद्यालय कोटपूतली के सानिध्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।कार्यक्रम के दौरान महेश चन्द्र शर्मा , मदन लाल शर्मा ,धूणी लाल शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, मीनू बुनकर, राजन शर्मा नवीन शर्मा , कार्तिक शर्मा, अभिषेक शर्मा उपस्थित रहे।प्रधानाचार्य ने बताया कि वटवृक्ष,पीपल, बीलपत्र, अशोका, नीम जामुन के निम्न प्रकार के पेड़पौधे विशाल मात्रा में लगाकर वृक्षा रोपण किया गया। इन पेड़ पौधों की विशेष देखभाल की जिम्मेदारी नवीन शर्मा, कार्तिक शर्मा, राजन शर्मा ने स्वयं अपनी स्वेच्छा से ली है।

## 1 अगस्त को रोजगार शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,(नि.स.)।** राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी नीति के तहत जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय द्वारा एक दिवसीय कैम्पस रोजगार सहायता शिविर 1 अगस्त गुरुवार को रोजगार कार्यालय परिसर धौलपुर में आयोजित किया जायेगा जिसके अंतर्गत बेरोजगार आशार्थियों का व्यवसायिक मार्गदर्शन दिया जाएगा एवं टीवीएस पावर सप्लाई प्रा.लि., इन्नोवे सोर्सए सीजीएस सेवर सॉल्यूशन, जफोरएस सॉल्यूशन प्रा.लि., स्मार्ट स्टाफ प्रा.लि., भोले बाबा मिल्क फूड प्रा.लि., राजस्थान एक्स. एण्ड केमी. लि., भारतीय जीवन बीमा निगम सहित अन्य स्थानीय कम्पनियों द्वारा आशाथियों की भर्ती की जायेगी।

### जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा विशेष टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न

# एनएचएआई के अधिकारी राजमार्ग पर ब्लैक स्पॉर्टस् के मामले में उदासीनता न बरतें : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि एनएचएआई के अधिकारी राजमार्ग पर ब्लैक स्पॉर्टस् के मामले में उदासीनता न बरतें, यह लागों के जीवन का मामला है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार विभागों को लापरवाह माना जायेगा। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा विशेष टास्क फॉर्स एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और इसे रोकने के उपायों के संबंध में जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटनाओं के संभावित क्षेत्रों व ब्लैक स्पॉट, घुमावदार सड़क तथा ब्लाइंड स्पॉट से पूर्व साइनेज लगाने के निर्देश दिए। नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सम्भावित दुर्घटना प्रभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर सांकेतिक बोर्ड एवं निर्धारित गति सीमा को नियंत्रित करने के लिए गति अवरोधक लगाना सुनिश्चित करें एवं दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों में दुर्घटना को रोकने के लिए विशेष ध्यान दिया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने हाइवे की सर्विस रोड पर आवश्यक स्थानों पर गतिरोधक एवं साइनेज तथा ड्रेनेज प्रबंधन के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर श्री निधि बी टी ने कहा कि सभी विभाग निर्धारित समय में सड़क सुरक्षा हेतु दिये गये कार्य को पूरा करें जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने वॉटर वर्क्स चौराहे पर ट्रैफिक लाइट को शीघ्र दुरुस्त करने तथा स्पीड ब्रेकर और आवारा पशुओं को हाईवे से हटाकर गौशाला पहुंचाने के लिए एन एच ए आई व नगर परिषद धौलपुर को आदेशित किया। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने कहा कि नगर परिषद शहर के व्यस्त मार्गों पर बेतरतीब पार्किंग रोकने हेतु लाइनिंग कराये, जिसके बाहर खड़े वाहनों को जब्त करने की कार्यवाही की जा सके। उन्होंने कहा कि सभी विभाग बेहतर सामंजस्य एवं रणनीति बनाकर यातायात प्रबन्धन में सहयोग करें। न्याय दर्शन संस्था के सचिव रंजीत दिवाकर द्वारा मचकुण्ड चौराहे पर अण्डरपास बनाने हेतु आग्रह किया गया। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी देवानंद, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक विभाग राजवीर सिंह, एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब अलवर फोर्ट ने किया पौध रोपण



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** बुधवार को पुलिस ट्रेनिंग स्कूल , ठेकरा और रोटरी क्लब अलवर फोर्ट के द्वारा वृक्षारोपण कराया गया जिसमें विभिन प्रकार के पाँच सौ (500) पेड़ लगाये गये जिसमें कमांडेंट अंजलि जोरावल, किशोरी लाल सैनी, इंस्पेक्टर जितेंद्र नवरिया सब इंस्पेक्टर रामकरण मीणा, हेड कांस्टेबल सतीश यादव, रोटरी क्लब अलवर फोर्ट से अध्यक्ष अर्पित विजय , सचिव मृणाल गागल, कोषाध्यक्ष अमित जैन , यतेंदर अग्रवाल , सुनील सिंघल, राहुल साधवानी मौजूद थे।

## हरियाली तीज व स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर एसडीएम ने ली बैठक



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. ) ।** एसडीएम रविकांत सिंह ने बुधवार को पंचायत समिति सभागार में सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारीयों की बैठक ली। बैठक में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों और पर्यावरण जागरूकता अभियान के तहत रैली को लेकर चर्चा की गई। एसडीएम रविकांत सिंह ने बताया कि 7 अगस्त को हरियाली तीज पर बानसूर हरित अभियान को लेकर दूसरे चरण में पौधरोपण किया जाएगा। जिसको लेकर सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारीयों को अपने कार्यालय सहित सभी सार्वजनिक स्थानों पर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के निर्देश दिए गए हैं। तो वहीं पर्यावरण जागरूकता रैली निकालकर आमजन को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की गई और उपखंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर विकास अधिकारी महेन्द्र सैनी, तहसीलदार गजेन्द्र सिंह राठौड़, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सदर के गढ़ी गांव में पशुओ को चराने को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद और झगड़ा

### लाठी-भाटा जंग में दोनों पक्षों के चार लोग घायल, अस्पताल में भर्ती

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी, ( राजू शर्मा )।** पशु चराने को लेकर उपखंड के सदर थाना क्षेत्र के गढ़ी सांदरा गांव में दो पक्षों के बीच झगड़े का मामला सामने आया है। बच्चो के बीच हुए जरा से विवाद में लाठी-भाटा जंग हुई है। जिसमे दोनों पक्षों के चार लोग घायल हुए हैं। झगड़े के बाद सभी घायलों को परिजनों द्वारा बाड़ी सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। वही घटना को लेकर सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार बुधवार को दिन में सदर थाना क्षेत्र के गढ़ी सांदरा गांव में पशुओं को चराने को लेकर एक विवाद हुआ है। जिसमे एक पक्ष के समुद्र पुत्र बच्चू गुर्जर ने बताया कि उनका छोटा भाई पवन पशुओं को चराने जंगल में ले गया था। जहां दूसरे पक्ष के रविंद्र,बनवारी,ओमवीर और अन्य ने उससे अपने पशुओं को हांक कर लाने की कहा जो कही दूर निकल गए थे। उसने मना किया और घर पर खाना खाने जाने की कहा तो आरोपियों ने उसकी मारपीट कर दी। इसके बाद आरोपी उनके घर पर लाठी और पत्थरों से लैस होकर आए और हमला कर दिया जिसमें नरोत्तम,समुद्र और पवन पुत्र बच्चू सिंह गुर्जर घायल हुए हैं। वहीं दूसरे बच्चे की महिला ममता ने बताया कि उनका लड़का घर के बाहर काम से गया था। इस दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने उसे घेर लिया और उसकी बुरी तरह मारपीट कर दी। उनको झगड़े की पड़ोस के लोगों ने आकर बताया तो वह दौड़ी हुई गांव में पहुंची। जहां उनका बेटा सड़क पर पड़ा हुआ था। घटना में घायल ओमवीर पुत्र बनवारी गुर्जर को वह लेकर बाड़ी अस्पताल आई है।

गढ़ी सांदरा गांव में हुए इस झगड़े में दोनों पक्षों के चार लोग अस्पताल में भर्ती हुए हैं। जिनमें नरोत्तम पुत्र बच्चू सिंह, समुद्र पुत्र बच्चू सिंह और पवन पुत्र बच्चू सिंह गुर्जर के साथ ओमवीर पुत्र बनवारी गुर्जर शामिल है।

## इंटीट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के सीए फाउंडेशन मे राठ स्कूल की नूपुर गर्ग ने प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त की

बढ़ता राजस्थान



**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ इंडिया ने सीए फाउंडेशन की परीक्षा परिणाम 29 जुलाई2024को घोषित किया । विद्यालय के सी ए कृष्णा कुमावत ने बताया की राठ विद्यालय की छात्र नूपुर गर्ग पुत्री सुनील गर्ग ने प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त करके अपना व अपने माता-पिता व राठ विधालय का नाम रोशन किया मीडिया प्रभारी जलेसिंह यादव ने बताया कि नूपुर के माता-पिता को विद्यालय बुलाकर फूल माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट करके मिठाइयां खिलाकर जोरदार स्वागत किया गया । विद्यालय डायरेक्टर शिवानी यादव ने बताया की एकमात्र क्षेत्र में राठ विद्यालय ही है जो विद्यार्थियों व उनके माता-पिता के सपनों को साकार करता है इसलिए राठ विद्यालय का क्षेत्र में होना एक गौरव का विषय है इस अवसर पर ग्रुप डायरेक्टर डॉ रविंदर तंवर, प्राचार्य के पी बर्वे उपप्राचार्य कुसुम यादव एकेडमिक डायरेक्टर संदीप यादव कोचिंग हेड पंकज कुमार कोऑर्डिनेटर अजय यादव मीना यादव नंदिनी प्रदीप डागर प्रशांत लोकेश तुषार लंबा प्रदीप शर्मा आदि विद्यालय के सभी शिक्षकों ने बच्चों को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पीएचईडी विभाग से सेवानिवृत्त होने पर मनाया विदाई समारोह

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से लाइनमैन पद से नरेंद्र पारीक के सेवानिवृति पर विभाग द्वारा माला साफा अर्पण कर भावभीनी विदाई समारोह किया गया। कनिष्ठ अभियंता दयाराम चौधरी ने पारीक की 38 वर्षीय गौरवमय सेवा से सम्मान पूर्वक सेवा निवृत होने पर जीवन के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए पेंशन पुस्तिका प्रदान की व माला पहनाकर साफा बांधकर स्वागत किया गया। इस दौरान रामनिवास यादव कैलाश चंद्र सैनी, हंसराज पारीक, आलोक मिश्रा, बनवारी लाल धनकड़ ने छाता, लकड़ी की छड़ी, श्रीरामचरित्र मानस पुस्तिका प्रदान कर आगे का जीवन सामाजिक सेवाओं से जुड़े रहने के लिए अपील की।

कार्यक्रम में परिवार जन सहित ग्रामीण गाड़ियों के साथ व ढोल नगाड़ों के साथ पीएचईडी विभाग पावटा पहुंचे और जुलूस के रूप में आतिशबाजी के साथ नरेंद्र पारीक को घर लाया गया। उसके बाद फूलों की वर्षा व आतिशबाजी कर उनका का स्वागत किया गया। घर पहुंचने पर परिवारजन द्वारा सभी ग्रामीणों व मित्र मंडली के लिए नाश्ते पानी की व्यवस्था की गई घर पर स्टेज कार्यक्रम रखा था।

सभी ने बारी बारी से नरेंद्र पारीक को गुलदस्ता देकर अभिनंदन किया।

इस मौके पर कनिष्ठ अभियंता दयाराम चौधरी,पंप चालक बलबीर गुर्जर, कैलास चंद सैनी, आलोक मिश्रा,झाबरमल शर्मा, लालचंद वर्मा, पीएचडी ठेकेदार बनवारी लाल धनकड़ सहित स्टाफ व पूर्व में कार्यरत जेईएन गगन गुर्जर, रामजीलाल यादव,सीताराम गिठाला, जयसिंह,सुरेश सैनी, हिमांशु शर्मा सहित कस्बे के कई गणमान्य नागरिक महिलाएं व बच्चे मौजूद रहे।

## भारत स्काउट गाइड चतुर्थ जिला परिषद वार्षिक अधिवेशन आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय अलवर का चतुर्थ जिला परिषद वार्षिक अधिवेशन मेजोड़ गेट थानागाजी में आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान डॉ.शशिकांत बोहरा ने की। जिसमें स्थानीय संघ बानसूर में सत्र 2023-24 के लिए स्काउट गाइड विंग में संख्यात्मक एवं गुणात्मक प्रगति के लिए जिला संगठन आयुक्त के द्वारा जिले में उत्कृष्ट गतिविधियों के लिए प्रथम स्थान प्राप्त करने पर जिला मुख्य आयुक्त शील्ड स्काउट गाइड 2024 प्रदान करके व स्थानीय संघ सें विंग में राजेंद्र सिंह चौधरी अध्यापक राजकिय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांथलपुर व ब्लाकं विंग में भूतेरी अध्यापक राजकिय उच्च माध्यमिक विद्यालय खरवा को हिमालय वुड बैज पार्चमेन्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया।इस मौके पर कृष्ण कुमार यादव, बाबूलाल यादव, गिर्राज प्रसाद शर्मा, राजकुमार शर्मा, ओमप्रकाश भार्गव, राकेश कुमार शर्मा, बलवंत सिंह यादव को भी सम्मानित किया गया।

## आवारा कुत्तों का हमला : बाइक सवार दम्पत्ति घायल

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी,( नि.स. )।** बसेड़ी रोड पर एक बाइक सवार दम्पत्ति पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया, जिससे वे सड़क पर गिर गए और कुत्तों ने उन्हें बुरी तरह से नोच डाला। 57 वर्षीय सुरेंद्र सिंह परमार और उनकी पत्नी उमा धौलपुर जा रहे थे, जब कुत्ता अचानक सड़क पर आ गया और उनकी बाइक असंतुलित हो गई। इसके बाद दो-तीन कुत्तों ने आकर उन्हें बुरी तरह नोच डाला। पति-पत्नी पर लगातार हमलों से कुत्तों ने दोनों के हाथों पर जख्म किए हैं। वही शरीर में कहीं अन्य स्थानों पर भी चोटे आई हैं। घटना के बाद आसपास से गुजर रहे लोगों ने दोनों को बचाया और कुत्तों को भगाकर घायल सुरेंद्र सिंह पुत्र हेमेंद्र सिंह परमार और उनकी पत्नी उमा कुमारी को बाड़ी अस्पताल भर्ती कराया है।



# देवनारायण योजना में रहस्यमयी पशु मृत्यु: सैकड़ों पशुपालक चिंतित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** देवनारायण योजना के पशुपालकों के लिए एक गंभीर चिंता का विषय बन गया है, जहां पिछले कुछ दिनों में कई पशुओं की रहस्यमयी तरीके से मृत्यु हो गई है। इस संकट की शुरुआत तब हुई जब देवनारायण योजना पशुपालन विकास समिति के अध्यक्ष किरण लांगड़ी ने इस मामले की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पशुओं की तबियत अचानक बिगड़ती है और कुछ ही घंटों में उनकी मृत्यु हो जाती है। इस घटना में मुकेश मावता की 6 बैंस और 1 गाय, तेजू मावट के 6 बछड़े, गोविंद भड़क की 4 बैंस, और मिट्ठू हकला की 5 बैंस की मृत्यु हो चुकी है।

लांगड़ी ने बताया कि यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। पशुओं की अचानक हो रही मृत्यु से हम सभी पशुपालक डर और निराशा में हैं। सरकार से हमारी मांग है कि इस बीमारी का जल्द से जल्द पता लगाया जाए और इसका समाधान निकाला जाए। इस सूचना पर तुरंत हरकत में आते हुए नगर निगम कोटा दक्षिण के उपमहापौर पवन मीणा ने देवनारायण योजना का दौरा किया। उन्होंने पीड़ित पशुपालकों से मुलाकात की और उनकी पीड़ा को समझा। मौके पर वेटरनरी के जोनल हेड डॉ. चंपालाल मीणा से भी संपर्क किया गया, जिन्होंने तुरंत पोस्टमॉर्टम टीम को भेजकर मृत पशुओं के सैंपल लिए। इसके साथ ही जो बीमार पशु थे, उनकी जांच भी की गई और पाया गया कि कुछ जानवर 106 डिग्री बुखार से पीड़ित थे। मौके पर ही कुछ जानवरों का उपचार भी किया गया।

उपमहापौर पवन मीणा ने इस घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह समस्या बहुत गंभीर है और बीमारी का पता लगाना अत्यंत आवश्यक है। पिछले वर्ष भी लम्पी नामक बीमारी से राजस्थान में कई जानवरों की मृत्यु हुई थी। सरकार को जल्द से जल्द उचित कार्रवाई करनी चाहिए ताकि इस गंभीर समस्या का समाधान हो सके। देवनारायण योजना के उपाध्यक्ष भागचंद नलिया, अमरा कटारिया, दयाल गुंजल, मंगला गुंजल और ग्रामवासियों ने भी इस स्थिति पर चिंता जताई और सरकार से त्वरित कार्रवाई और इलाज की मांग की है।

देवनारायण योजना में लगभग 15,000 जानवर और 450 पशुपालक परिवार रहते हैं, जो इस स्थिति से गहरे संकट में हैं। सरकार से अब यह अपेक्षा है कि वह इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द निकालेगी और पशुपालकों को इस भयावह संकट से उबारेगी।

# 83वां उर्स 12 अगस्त से शुरू एवं 14 अगस्त कुल की फातिहा के साथ संपन्न होगा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. के जन्मोत्सव के मौके पर 25 मोहरर्म गुरूवार 1 अगस्त को परचम कुशाई अलम,झण्डा के साथ बाबा हुजूर के 83वें उर्स की अनौपचारिक शुरूआत होगी।

दरगाह वक्फ कमेटी सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी ने बताया कि बाबा हुजूर के यौमे पैदाईश के मौके पर जुमेरात गुरूवार बाद नमाजे असर के आस्ताना ऐ आलिया एवं बुलन्द दरवाजा पर परम्परानुसार अलम शरीफ झण्डा चढ़ाने की रस्म अदा की जायेगी।बाबा हुजूर हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. का जन्म 25 मोहरर्म 1292 हिजरी 4 मार्च 1875 ईस्वी गुरूवार को डीसा-पालनपुर गुजरात मे अब्दुल कादिर कुरेशी के घर जेनब बाई की कोख से कुरेशी मोहल्ला मे हुआ था।इस खुशी मे हर साल अलम पेश करने की रस्म अदा की जाती है।बाबा हुजूर का 83वां उर्स 12 अगस्त से शुरू होकर 14 अगस्त 6 सफर से 8 सफर को जोहर की अजान से पहले कुल की फातिहा के साथ सम्पन्न होगा।झण्डा चढाने की रस्म के साथ ही 83वें उर्स की अनोपचारिक शुरूआत के साथ जायरीन के आने जाने का सिलसिला शुरू हो जायेगा।



## सूफी संत हजरत दीवाना शाह का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा

सूफी संत व कौमी एकता के प्रतीक हजरत दीवाना शाह का जन्मोत्सव नगर के मोमिन मोहल्ला स्थित हजरत दीवाने शाह की कुटिया पर 1 अगस्त गुरुवार को व्यास परिवार द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। व्यास परिवार के प्रतिनिधि भुवनेश व्यास ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति कुटिया पर हजरत दीवाने शाह के प्रमुख शिष्य मांगीलाल व्यास परिवार के सदस्यों द्वारा विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ झंडा चढ़ाने की रस्म निभाई जाएगी।दोपहर 2 बजे बाद हजरत दीवाना शाह की कुटिया पर महफिले मिलाद का आयोजन होगा।जन्मोत्सव कार्यक्रम में मौलाना हिंदू मुस्लिम एकता पर तकरीर पेश करेंगे।उसके उपरांत कव्वाल पार्टियों द्वारा सूफियाना कलाम प्रस्तुत किये जायेंगे।इस दौरान बैंड बाजो की मधुर स्वर लहरियों के साथ व्यास परिवार के सदस्यों एवं हजरत दीवाना शाह के अनुयायियों द्वारा कुटिया पर झंडा चढ़ाया जायेगा। 1 अगस्त गुरुवार को जन्मोत्सव पर सूफी संत हजरत दीवाना शाह की कुटिया सुबह 9 बजे से सांय 7 बजे तक श्रद्धालुओं हेतु दर्शनार्थ खुली रहेगी।

### कर्मयोगी सेवा संस्थान की 26वीं अस्थि कलश यात्रा सम्पन्न

# ज्ञात अज्ञात 146 शवों के अस्थिकलश विधि विधान से गंगा में प्रवाहित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कर्मयोगी सेवा संस्थान की 16 सदस्यीय 26वीं अस्थि कलश यात्रा मंगलवार को सम्पन्न हुई। संस्थान के सदस्यों ने कोटा उत्तर अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा के नेतृत्व में ज्ञात अज्ञात 146 शवों के अस्थिकलश विधि विधान से हरिद्वार स्थित हरकी पौड़ी पर गंगा में प्रवाहित किए। सभी दिवंगतों की आत्मशांति की कामना कर यात्रा मंगलवार को वापस कोटा लौट आई।




कर्मयोगी सेवा संस्थान कोटा उत्तर अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा के नेतृत्व में संस्थान परिवार के 16 सदस्यों द्वारा 28 जुलाई को हर की पौड़ी स्थित कुशा घाट पर पहुंचकर पं. हंसराज मेघराज प्रमुख नरेश प्रधान के सानिध्य में मां गंगा की गोद में 146 अस्थियों का विसर्जन करवाया गया। सभी की मोक्ष प्राप्ति के लिए मां गंगा से प्रार्थना की गई। संस्थापक राजाराम जैन कर्मयोगी तथा अध्यक्ष अलका दुलारी जैन कर्मयोगी ने बताया कि कोटा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से थाना अधिकारियों द्वारा विगत 8 माह में 102 अज्ञात डेड बॉडी को अंतिम संस्कार के लिए सुपुर्द किया गया था। जिनमें से चार की पहचान हो जाने के कारण अस्थियां परिजनों को सुपुर्द करने के पश्चात 98 अस्थियां शेष रह गई थी। साथ ही, विगत 8 माह में शहर के विभिन्न वार्डों में निवास कर रहे जरूरतमंद निराश्रित परिवारों के 46 दिवंगत व्यक्तियों की कर्मयोगी सेवा संस्थान द्वारा विधिवत अंतिम संस्कार करने के लिए व्यवस्था उपलब्ध करवाई गई थी। अस्थि विसर्जन के लिए हरिद्वार जाने में असमर्थ परिजनों द्वारा अस्थियां संस्थान के सुपुर्द कर दी गई थी। जिनको किशोरपुरा मुक्तिधाम पर स्थापित अस्थि कलश स्थल पर एकत्रित किया गया था।

संस्था अपनी स्थापना 3 सितंबर वर्ष 2007 से ही हरिद्वार हरकी पौड़ी पर अस्थि विसर्जन का कार्य संपन्न करती आ रही है। वहीं 26वीं अस्थि कलश यात्रा में संस्थान परिवार के पदाधिकारी हेमंत सिंह, कुसुम सिंह, कमल सिंह सोलंकी, नंदकंवर सोलंकी, लक्ष्मी नारायण गर्ग, महावीर जैन, नरोत्तम सुमन, राजेश सुमन, संजय डोगरा, महावीर सुमन, नीलम शर्मा, मदन गोपाल मिश्रा, तुलसी बाई, लकी गंगापुर वाले द्वारा विधि विधान के साथ विसर्जन करवाया गया।

# राज्य के बजट पर चर्चा और अन्य संवेदनशील सेवा समस्याओं को लेकर आवश्यक बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** राजस्थान पुलिस सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संस्थान, जिला कोटा की बैठक नंदलाल पवन, सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में सेवानिवृत्त एवं सेवारत कर्मचारियों को आरजीएचएस, 1 अप्रैल, 2004 के पश्चात नियुक्त कर्मचारियों को ओपीएस की सुविधा, पेंशनर्स से कम्यूटेशन की राशि की कटौती केवल 10 वर्ष 8 माह तक किए जाने तथा 30 जून को सेवानिवृत होने वाले प्रत्येक कर्मचारियों को 1 जुलाई से वार्षिक वेतन वृद्धि व समस्त आर्थिक लाभ के लिए इसकी गणना किए जाने के संबंध में विस्तृत विचार विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष तेजराज सिंह ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 70 से 75 वर्ष के मध्य आयु वर्ग के पेंशनर्स को 5 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ते का लाभ देने की घोषणा की गई है जबकि संगठन द्वारा मूल पेंशन में बढ़ोतरी की मांग की गई थी। महासचिव के.के.शर्मा ने जानकारी दी कि स्थानीय पुलिस कैंटीन की व्यवस्था में अपेक्षित सुधार के लिए भी उच्चाधिकारियों से वार्ता की जायेगी। बैठक में सेवारत कांस्टेबल से पुलिस निरीक्षक स्तर के कार्मिकों को अभी तक वर्दी भत्ता नहीं मिलने पर चिंता व्यक्त की गई और इस संबंध में पुलिस मुख्यालय को पत्र लिखकर बजट आवंटन हेतु अनुरोध करने का निर्णय लिया गया। बैठक में इस माह के अंत में अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर राज्य सेवा से निवृत होने वाले जिला कोटा शहर के 4 तथा जिला कोटा ग्रामीण के 2 कार्मिकों का भी संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण एवं श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर घनश्याम शर्मा, गोविंद सिंह बारहट, नरेंद्र कुमार कासट, सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, संभागीय मीडिया प्रभारी ललिता लोधा, जिला उपाध्यक्ष भंवर सिंह हाड़ा, सलाहकार अतहर खान, प्रचार मंत्री रामदयाल नागर, कार्यालय मंत्री बुद्ध राज सिंह हाड़ा तथा अन्य कई सदस्यगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संगठन के दिवंगत सदस्य वीरेंद्र सिंह चौधरी, उप निरीक्षक तथा रमेश चंद्र वर्मा, कमांडो को श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके सम्मान में दो मिनिट का मौन धारण किया गया।

# मानस गांव में कलक्टर की रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** ग्राम पंचायत मानस गांव में कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में मंगलवार को रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई की गई। कलक्टर ने सभी परिवादियों की समस्या व्यक्तिगत सुनी एवं संबंधित विभाग को निश्चित समय सीमा में परिवादों को नियमानुसार निस्तारित करने के लिए पाबंद किया। डॉ. गोस्वामी ने ग्रामीणों से बात करते हुए कहा कि प्रशासन का मकसद है कि वह ग्रामीणों की समस्या को उन्हीं के स्थान पर आकर सुने एवं उसका निस्तारण करें। उन्होंने कहा अगर किसी परिवाद में उच्च स्तर से मार्गदर्शन की आवश्यकता है तो उसको भी तुरंत भेजा जाएगा ताकि ग्रामीणों को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। उन्होंने कहा सरकार एवं प्रशासन आमजन की समस्याओं के लिए संवेदनशील है और पूरी तरह से जवाबदेह है। उन्होंने सभी विभागों को कहा कि परिवादियों की समस्या का समाधान न्यूनतम समय में किया जाए और अगर प्रक्रिया में किसी औपचारिकता की आवश्यकता है तो परिवादी को वह भी विस्तार से समझाया जाए। उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास गजेंद्र सिंह ने




बताया जनसुनवाई में कुल 54 परिवाद आए । उन्होंने बताया गांव मांनसगांव खातेदारी भूमि पर बसा होने से किसी को भी पट्टे नहीं मिल पा रहे हैं, कलक्टर डॉ. गोस्वामी ने एसडीएम मनीषा तिवारी को आदेशित किया कि वह अपेक्षित कार्यवाही कर अतिशीघ्र पट्टे दिलवाने की व्यवस्था कराये। कलक्टर ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय कर परिवादियों की समस्या के समाधान करने के मुख्य उद्देश्य के साथ कार्य करें एवं प्रत्येक कार्य में गुणवत्ता व परिवादी के संतोष को महत्व दें। रात्रि चौपाल में जिला स्तरीय एवं खंड स्तरीय अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# सेना अस्पताल के चिकित्सक की कार में मिली बॉडी, पत्नी बोली तनाव में थे

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शहर के आर्मी हॉस्पिटल के एक डॉक्टर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। डॉक्टर अपनी कार में ड्राइवर सीट पर अचेत मिले थे। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें एमबीएस हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान डॉक्टर राकेश चौधरी (40) निवासी इंद्रा विहार, जवाहर नगर थाना क्षेत्र के रूप में हुई है। जो आर्मी में कॉन्ट्रैक्ट पर कार्यरत थे। विज्ञान नगर थाना एसआई जाकिर हुसैन के अनुसार मृतक की पत्नी ऊषा ने डॉक्टर के काफी समय से तनाव में थे। डॉक्टर की पत्नी ऊषा ने बताया कि वे मंगलवार 10 बजे घर से निकल थे। उसके बाद वापस नहीं लौटे। मृतक डॉक्टर के पिता, भाई व बहन आज सुबह हॉस्पिटल पहुंचे। पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम 6 बजे आईएल चौराहे के पास एक कार में व्यक्ति के बैठे होने की सूचना मिली।

# ग्लोबल ह्यूमन पीस यूनिवर्सिटी यू.एस.ए ने भंवर लाल खींचीं को डॉक्टरेट की मानद उपाधि दी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** समाज सेवी भंवर लाल खींची, निदेशक प्रशान्ति एजुकेशन अकेडमी कोटा एवं अध्यक्ष जीनगर समाज कोटा को ग्लोबल ह्यूमन पीस यूनिवर्सिटी, यू.एस.ए. द्वारा विश्व की सर्वोच्च मानद उपाधि डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया।

उन्हें यह सम्मान कोरोना में जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने, बालक-बालिकाओं को शिक्षा के अवसर उपलब्ध करवाने एवं विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से जुड़ कर सामाजिक सेवाओं की उत्कृष्टता के उच्चतम मानक प्रदर्शित करने पर ग्लोबल ह्यूमन पीस यूनिवर्सिटी यू.एस.ए के भारत में स्थित क्षेत्रीय कार्यालय तमिलनाडु द्वारा नई दिल्ली में आयोजित दीक्षान्त समारोह में





मुख्य अतिथि ग्लोबल ह्यूमन पीस यूनिवर्सिटी के वाइस चान्सलर डॉ. के. वेकटेशन रिटा. जज व मुख्य न्यायाधीश तमिलनाडु, तथा यूजीसी के विशेषज्ञ समिति सदस्य डॉ. बी. रामास्वामी, विशिष्ट अतिथि डॉ. राजा मानवेन्द्र सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा व भारत सरकार के पूर्व राज्य मंत्री, के. सम्पथ कुमार भूतपूर्व आईएएस व विशेष आयुक्त एवं शासन सचिव तमिलनाडु सरकार, श्री टीकम चन्द्र बोहरा (आई.ए.एस), संयुक्त सचिव वित्त विभाग राजस्थान सरकार जयपुर, डॉ.पी मैनुएल, संस्थापक एवं अध्यक्ष, ग्लोबल ह्यूमन पीस यूनिवर्सिटी द्वारा संयुक्त रूप से विश्व की सर्वोच्च मानद उपाधि डॉक्टरेट प्रदान की गई।

# पूर्व सहकारिता मंत्री आंजना करेंगें निंबाहेड़ा क्षेत्र की स्कूली प्रतिभाओं को सम्मानित

## रजा एज्युकेशन द्वारा 11 अगस्त को आयोजित होगा माईनोरेटी के बच्चों का प्रतिभा सम्मान समारोह

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** निंबाहेड़ा में यहां दिनांक 30 जुलाई 2024 मंगलार को रजा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी की एक अहम बैठक आयोजित की गई जिसमें निर्णय लिया गया कि निंबाहेड़ा क्षेत्र के माइनोरिटी वर्ग में दसवीं एवं बारहवीं कक्षा में बोर्ड परीक्षा के बच्चे व ग्रेजुएशन एवं डिग्री डिप्लोमा सहित अन्य हायर एजुकेशन के स्टूडेंट जिन्होंने अपना रिजल्ट 70त्न से ऊपर बनाया है रजा एजुकेशन ऐसे बच्चों को निंबाहेड़ा में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मनित करेगा। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए रजा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मोहम्मद फारूक ने बताया कि 11 अगस्त 2024 रविवार को स्थानीय मेव जमात खाना निंबाहेड़ा में प्रात: 9.00 बजे प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदय लाल आंजना होंगे एवं जयपुर किशनपोल से विधायक एवं राजस्थान हज कमेटी के अध्यक्ष जनाब अमीन कागजी बतौर अध्यक्ष कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में शाने-शहर, रोनके-शहर और मैकश अजमेरी उर्दू अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। मोहम्मद फारूक ने निंबाहेड़ा क्षेत्र के समस्त माइनॉरिटी वर्ग से गुजारिश कि है कि उक्त कार्यक्रम में शिरकत कर बच्चों की होंसला अफजाई करें।



# कोटा दक्षिण आयोजित करवाएगा दशहरा मेला

बढ़ता राजस्थान


**कोटा (का.स.)।** दशहरा मेला दशहरा की कमान कोटा दक्षिण को मिल गई है। मेला समिति को सरकार ने भंग कर दिया और नई समिति का गठन किया। जिसमें अध्यक्ष वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी को बनाया गया है। सदस्य भी कोटा दक्षिण निगम के पार्षद ही है।

दक्षिण महापौर राजीव अग्रवाल पहले ही बीजेपी जॉइन कर चुके हैं। दक्षिण निगम के अतिरिक्त आयुक्त को समिति में सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। नवगठित दशहरा मेला व अन्य उत्सव आयोजन समिति की पहली बैठक दो अगस्त को होगी। समिति के अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने समिति के सदस्य सचिव व अतिरिक्त आयुक्त जवाहर लाल जैन को पत्र लिखा है। जिसमें कहा कि राष्ट्रीय दशहरा मेला 2024 को भव्य बनाने के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित रहेगा।

### निम्बाहेड़ा कन्या महाविद्यालय के संचालन के लिए आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा ने जारी किए निर्देश

# विधायक कृपलानी ने जताया सीएम डिप्टी सीएम एवं सांसद का आभार

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** राजस्थान सरकार के परिवर्तित बजट पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा निम्बाहेड़ा में कन्या महाविद्यालय खोलने की घोषणा के पश्चात इसके संचालन के संबंध में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा ने डॉ.भीमराव अंबेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय को नोडल महाविद्यालय नियुक्त किया है। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा आयुक्त ने एक आदेश जारी कर निम्बाहेड़ा कन्या महाविद्यालय के संचालन के लिए निम्बाहेड़ा के डॉ.भीमराव अंबेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय को नोडल महाविद्यालय नियुक्त करते हुए अग्रिम कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने आदेश जारी करते हुए नोडल महाविद्यालय के प्राचार्य को कन्या महाविद्यालय के अस्थायी संचालन के लिये जिला प्रशासन से सम्पर्क कर उपयुक्त अस्थाई भवन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं, जिसमें 7 कमरे उपलब्ध हो। इसके साथ ही आयुक्त ने नोडल महाविद्यालय को कन्या महाविद्यालय के निर्माण के लिए यूजीसी के मानदण्डानुसार उपयुक्त भूमि चिन्हित कर आवंटन प्रक्रिया आरम्भ करने के निर्देश दिए हैं। इस पर नोडल महाविद्यालय ने कार्यवाही करते हुए कन्या महाविद्यालय के अस्थाई संचालन तथा भूमि आवंटन को लेकर जिला कलेक्टर चित्तौड़गढ को पत्र लिखकर प्रक्रिया आरम्भ कर दी है। निम्बाहेड़ा कन्या महाविद्यालय के इसी सत्र से संचालन आरम्भ करने के निर्देश जारी होने पर पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी तथा उपमुख्यमंत्री व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा एवं चित्तौड़गढ सांसद सीपी जोशी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# बालिका जन्म के प्रति बदलेगी सोच, जन्म से लेकर 21 वर्ष तक साथ निभाएगी "लाडो प्रोत्साहन योजना"

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** गरीब परिवार में जन्म लेने वाली बालिकाओं के पालन-पोषण की चिंता अब माता-पिता को करने की जरूरत नहीं होगी क्योंकि यह जिम्मेदारी अब मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने अपने मजबूत कंधों पर उठा ली है। बालिका जन्म को प्रोत्साहित करने के साथ ही जन्म से लेकर उनके वयस्क होने तक बालिकाओं के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार ने लेखानुदान घोषणा (2024-25) के बिन्दु संख्या 34 में "लाडो प्रोत्साहन योजना" लागू करने की घोषणा की है। यह योजना 1 अगस्त से पूरे प्रदेश में लागू होगी। इस अभिनव योजना में गरीब परिवार की बालिकाओं के जन्म पर एक लाख रूपए का सेविंग बॉण्ड राज्य सरकार की ओर से दिया जाएगा। राज्य सरकार की मंशा स्पष्ट है- गरीब परिवार में जन्म लेने वाली बालिकाओं के पालन-पोषण के साथ ही उनके लिए बेहतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधाएं सुनिश्चित करना।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# रोडवेज की बसों में फ्री यात्रा कर सकेंगी महिलाएं

## रक्षाबंधन के दिन 24 घंटे तक प्रदेश की सीमा में टिकट के नहीं देने होंगे पैसे



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** रक्षाबंधन के मौके पर प्रदेश में 19 अगस्त को राजस्थान रोडवेज की बसों में महिलाएं फ्री यात्रा कर सकेंगी। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की ओर से बुधवार को आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार 19 अगस्त 2024 को रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर प्रदेश की सभी महिलाएं/बालिकाएं राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की ओर से संचालित सभी कैटेगरी की बसों में फ्री यात्रा कर सकेंगी। फ्री यात्रा की सुविधा एसी, वॉल्वो, और ऑल इंडिया परमिट की बसों में लागू नहीं होगा।

आदेश के अनुसार राज्य की सीमा में सभी महिलाओं को कंडक्टर फ्री टिकट जारी करेंगे। यह टिकट इलेक्ट्रॉनिक टिकट इसुइंग मशीन से जारी करेंगे। मशीन नहीं होने की स्थिति में फ्री टिकट बुक पर महिला या बालिका यात्री के साथ ट्रैवल की तारीख भी नोट करेंगे। फ्री यात्रा केवल एक दिन के लिए मान्य होगी। निशुल्क यात्रा 19 अगस्त रात 12 बजे से अगले 24 घंटे तक मान्य होगी। इसके लिए यात्रा करने वाली महिलाएं पहले से रिजर्वेशन भी करवा सकेंगी।

# माहौल हमारे पक्ष में है, महाराष्ट्र समेत 4 राज्यों के चुनावी नतीजे देश की राजनीति बदलेंगे भाजपा का काम सिर्फ बांटना : सोनिया

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को पार्टी नेताओं से कहा कि कुछ ही महीनों में 4 राज्यों- महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने हैं। माहौल हमारे पक्ष में है। लोकसभा चुनाव में मिले जनता के समर्थन और भावनाओं को हमें बरकरार रखना है। सोनिया ने कहा- हमें आत्मसंतुष्ट और अति आत्मविश्वासी नहीं बनना चाहिए। मैं यह कह सकती हूं कि यदि हम लोकसभा चुनावों की तरह ही 4 राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो राष्ट्रीय राजनीति में भी बड़ा बदलाव आएगा। सोनिया गांधी पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल (संविधान सदन) में कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में बोल रही थीं। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी समेत सभी सांसद मौजूद थे।

### सोनिया गांधी के संबोधन की ये बातें

- हमें लगा था कि मोदी सरकार लोकसभा चुनाव में लगे बड़े झटके से सबक लेगी। लेकिन इसके बजाय वह समुदायों को बांटने और डर फैलाने की अपनी नीति पर कायम है।
- बजट में किसानों और युवाओं की मांगों को नजरअंदाज कर दिया गया। कई महत्वपूर्ण सेक्टर के साथ बजट आवंटन में न्याय नहीं किया गया है। लोगों में निराशा है। केंद्र सरकार आत्मभ्रम में है। देश भर में करोड़ों परिवार बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई से तबाह हो रहे हैं।
- कांवड़ यात्रा के रास्ते में दुकानदारों के नाम लिखने के यूपी-उत्तराखंड सरकार के आदेश पर सौभाग्य से सुप्रीम कोर्ट ने सही समय पर हस्तक्षेप किया।

# बजट सौगातों के लिए पचपदरा की जनता ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

# बजट में राज्य के विकास का 5 साल का रोडमैप मजबूत : मुख्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बुनियादी ढांचा एक विकसित राज्य की आधारशिला होता है। राज्य सरकार द्वारा इस आधारशिला को मजबूती देने के लिए बजट में स्वास्थ्य-शिक्षा के साथ सड़कों एवं बुनियादी ढ़ांचे के विकास पर भी जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में 5 साल के रोडमैप के साथ विकसित राजस्थान-2047 की संकल्प सिद्धि को पूरा करने की कटिबद्धता दिखाई गई है। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर बजट सौगातों के लिए पचपदरा विधानसभा क्षेत्र से आए निवासियों की आभार सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम बजट में लोक लुभावनी घोषणाएं की लेकिन उन घोषणाओं को धरातल पर नहीं उतारा गया जबकि हमने सरकार गठन के बाद पहले ही बजट में महिला, युवा, किसान, गरीब सहित सभी वर्गों के सशक्तीकरण के लिए पर्याप्त प्रावधान किए हैं जो हमारी सरकार के विजन को दर्शाता है।

**पचपदरा को दी गई अनेक सौगातें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पचपदरा के विकास के लिए बिजली, रिफाइनरी, चिकित्सा और कृषि प्रसंस्करण के क्षेत्र में अनेक घोषणाएं की हैं। पचपदरा एवं बोरावास में 132 केवी जीएसएस का निर्माण किया जायेगा जिससे इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था बेहतर होगी। साथ ही, पचपदरा रिफाइनरी से निकलने वाले डाउनस्ट्रीम उत्पादों पर आधारित उद्योगों के लिए बालोतरा में राजस्थान पेट्रो जोन (आरपीजेड) की स्थापना होगी। यह कदम क्षेत्र की आर्थिक तरक्की में अहम साबित होगा। उन्होंने कहा कि रणछोड़राय खेड़ तीर्थ में विभिन्न विकास कार्य करवाएंगे। अनूपगढ़, खेतड़ी, भिवाड़ी, बालोतरा, नाथद्वारा, रतनगढ़ व शाहपुरा (जयपुर) सहित 30 आईटीआई में आधारभूत सुविधाएं तथा बालोतरा जिला अस्पताल के भवन निर्माण के कार्य किए जायेंगे। इस दौरान विधायक अरूण चौधरी तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने पचपदरा क्षेत्र को बजट में दी गई सौगातों के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों ने मुख्यमंत्री का साफा पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पचपदरा विधानसभा क्षेत्र के निवासी उपस्थित रहे।

### जनप्रतिनिधि आमजन से लगातार संपर्क एवं संवाद रखें

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधि आमजन की समस्याओं से वाकिफ होने के लिए लगातार आमजन से संपर्क एवं संवाद करें। मंत्री सप्ताह में तीन दिन जयपुर में रहकर जनता की समस्याओं की सुनवाई करें तथा एक दिन विधायकों की सुनवाई के लिए रखें। उन्होंने कहा कि विधायक प्रत्येक 15 दिन में तथा मंत्री प्रत्येक 7 दिन में केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए समीक्षा करें।

### विकसित राजस्थान की शुरुआत गांव के विकास से

शर्मा ने कहा कि विकसित राजस्थान के विकास की शुरुआत गांव की समृद्धि से होगी। गांवों में शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, बिजली सहित आधारभूत सुविधाओं सहित आधुनिक तकनीकयुक्त नवाचार किए जा रहे हैं जिससे गांव का निवासी शहर की तरफ पलायन नहीं करे। शर्मा ने कहा कि आजादी के बाद कुछ राजनैतिक दलों द्वारा झूठे वादे किए गए तथा तुष्टिकरण की राजनीति एवं भ्रष्टाचार कर आमजन को गुमराह किया गया लेकिन पिछले 10 वर्षों से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में देश में गरीब कल्याण, सीमा सुरक्षा तथा आर्थिक सशक्तीकरण के विभिन्न निर्णय लिए गए हैं जिससे विदेशों में भारत का सम्मान बढ़ा है।

# हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने राजस्थान के राज्यपाल पद की शपथ ली



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के मनोनीत राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने बुधवार को सांय 4 बजे राजभवन में राजस्थान के राज्यपाल पद की शपथ ली। बागड़े ने हिन्दी में ईश्वर के नाम पर राज्यपाल पद की शपथ ली। मुख्य न्यायाधिपति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव ने बागड़े को राज्यपाल पद की शपथ दिलाई।

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा जारी राज्यपाल की नियुक्ति का वारंट पढ़कर सुनाया। शपथ लेने के बाद राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े को राजभवन में गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री सुदीया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, केन्द्रीय मंत्रीगण, राज्य मंत्री मण्डल के सदस्यगण, विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली तथा अन्य जन प्रतिनिधिगण, न्यायाधीशगण, प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने किया प्रेस से संवाद

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने कहा है कि राजस्थान में उच्च शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में गुणवत्ता के साथ विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता विकास के लिए कार्य होंगे।

कुलाधिपति के रूप में उनका प्रयास रहेगा कि राजस्थान के विश्वविद्यालय पूरे देश और विश्व भर में रैंकिंग में आगे रहे। यहां के विश्वविद्यालय ऊंचाई पर जाए, यह प्राथमिकता रहेगी। बागडे राजभवन में शपथ ग्रहण के बाद आयोजित मीडिया-संवाद में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में छत्रपति संभाजी नगर में और दूसरे स्थानों पर बहुत से राजस्थानी रहते हैं। महाराष्ट्र और राजस्थान का एक निकट का नाता बना हुआ है।

# मानसून की सुस्त रफ्तार से तापमान 41 डिग्री के पार

## जयपुर समेत 3 जिलों में बरसात, भीलवाड़ा में 30 मिनट तक बरसा पानी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में बारिश का दौर धीमा पड़ने के साथ ही उमस बढ़ गई है। अगले दो-चार दिन इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना है। बुधवार शाम को जयपुर समेत भीलवाड़ा और अलवर शहर में मौसम बदला। जयपुर में हल्की बारिश से उमस से राहत मिली। वहीं भीलवाड़ा में दोपहर करीब 3:45 पर बारिश शुरू हुई। आधे घंटे तक चली बारिश से सड़कों पर पानी बहने लगा। मौसम विज्ञान केन्द्र से जारी रिपोर्ट देखें तो राजस्थान में मानसून सीजन में अब तक 210.7 एमएम बरसात हो चुकी है। जबकि इस सीजन में अब तक (1 जून से 30 जुलाई तक) 211.7एमएम बरसात होती है। मौसम विशेषज्ञों ने आज राज्य के आठ जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा बरसात 80 एमएम करौली में दर्ज हुई। करौली में मंगलवार सुबह आसमान साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद बादल छाने के साथ तेज बारिश हुई। करौली के मासलपुर में भी 27 एमएम, बाड़मेर के रामसर में 30, धनाऊ में 28, पाली के जैतारण में 13, सुमेरपुर में 19, दौसा के राहुवास में 12, जालौर के आहोर में 14 और सिरोही के शिवगंज 23 एमएम बरसात दर्ज हुई।

# मोदी ने लिखा- अनुराग ठाकुर की लोकसभा स्पीच जरूर सुनें

## कांग्रेस बोली- पीएम ने संसदीय विशेषाधिकार का उल्लंघन किया, यह बेहद अपमानजनक और असंवैधानिक टिप्पणी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र चल रहा है। अनुराग ठाकुर के बजट पर दिए भाषण पर विवाद हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ट्वीटर पर लिखा कि अनुराग ठाकुर की लोकसभा में दी गई स्पीच जरूर सुनें। इसमें तथ्यों और हास्य का परफेक्ट मिक्स है। यह भाषण इंडी गठबंधन की गंदी राजनीति को उजागर करता है। मोदी के इस बयान को कांग्रेस ने संसदीय विशेषाधिकार का उल्लंघन, बेहद अपमानजनक और असंवैधानिक टिप्पणी करार दिया। कांग्रेस ने ये भी कहा कि अनुराग ठाकुर का भाषण दलितों, आदिवासियों और पिछड़ा वर्ग को नीचा दिखाता है। अनुराग ठाकुर ने 30 जुलाई को लोकसभा में कहा था कि उनकी जाति का पता नहीं और वे जाति जनगणना की बात करते रहते हैं।



### जयराम रमेश ने लिखा- पीएम का जरूर सुनें कहना बेहद अपमानजनक

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ट्वीटर पर लिखा- नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री ने स्पीच के लिए लिखा- जरूर सुनें। यह बेहद अपमानजनक और असंवैधानिक है। पीएम ने भाषण को शेयर भी किया। यह संसदीय विशेषाधिकार के उल्लंघन को बढ़ावा देने जैसा है। बयान को सभी पार्लियामेंट्री नॉर्म्स से हटा दिया गया है, लेकिन ये बयान एडिट होकर बाहर चल रहा है। संसद टीवी ने बिना एडिट की हुई स्पीच लगाई है।

# डमी टीचर मिला तो प्रिंसिपल से लेकर अधिकारी भी दोषी

## शिक्षिका मंजू गर्ग की याचिका खारिज, हाईकोर्ट ने कमेटी गठित कर औचक निरीक्षण के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाई कोर्ट ने सरकारी स्कूलों में डमी टीचर की व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए राज्य सरकार को इस संबंध में तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने राज्य सरकार से पूछा है कि सरकारी स्कूलों में डमी टीचर की समस्या का स्थायी समाधान क्या हो सकता है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को मामले में विभिन्न दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। जस्टिस अनूप कुमार ढ़ंढ की अदालत ने यह आदेश डमी शिक्षक मामले में बारां के राजपुरा ग्राम के प्राइमरी स्कूल की शिक्षिका मंजू गर्ग की याचिका खारिज करते हुए दिए। अदालत ने मामले में टिप्पणी करते हुए कहा कि केवल एक महान शिक्षक ही एक महान विद्यार्थी का निर्माण कर सकता है, लेकिन सरकारी स्कूलों में डमी टीचर का कब्जा देखना शर्मनाक है।

### हर स्तर पर कमेटी गठित करके करें औचक निरीक्षण

हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देशित किया है कि वह स्कूलों में डमी टीचर की व्यवस्था को खत्म करने के लिए राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर कमेटियों का गठन करे। इन कमेटियों में मुख्य रूप से जिला शिक्षा अधिकारी और



जिला कार्यकारी अधिकारी को शामिल किया जाए।

ये कमेटियां उड़न दस्तों के माध्यम से स्कूलों का औचक निरीक्षण करें। वहीं अगर कोई डमी टीचर मिलता है तो अनुपस्थित टीचर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें। जांच में दोषी पाए जाने पर अनुपस्थित टीचर के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करवाएं। जिस अवधि में वह उपस्थित रहा, उस समय का वेतन उससे ब्याज सहित वसूला जाए। वहीं कानूनन उसके निलंबन से लेकर बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाए। कोर्ट ने सरकार से कहा है कि अदालती आदेश की पालना रिपोर्ट हर तीन माह में कोर्ट में पेश करें।

### डमी टीचर मिलने पर प्रिंसिपल और अधिकारी पर भी कार्रवाई

अदालत ने कहा कि सरकारी स्कूलों के हेड मास्टर, प्रिंसपिल, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी की भी जिम्मेदारी तय की जाए कि उनके अधिकार क्षेत्र के स्कूलों में कोई भी डमी टीचर काम नहीं करे। सर्कुलर के बाद भी किसी स्कूल में कोई डमी टीचर पढ़ाते हुए मिलता है तो सरकारी टीचर के साथ-साथ स्कूल हेड मास्टर, प्रिंसिपल और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ भी निलंबन से लेकर बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाए।

### सरकार शिकायती पोर्टल बनाए

अदालत ने कहा कि राज्य सरकार इस तरह की व्यवस्था करने की कोशिश करे जिससे सरकारी स्कूलों के टीचर की फोटो डिस्प्ले की जा सके। इसके लिए कोई वेबसाइट अथवा पोर्टल शुरू किया जाए जिससे छात्र और उनके परिजन असली और नकली टीचर में पहचान कर सकें। साथ ही अदालत ने कहा कि डमी टीचर की शिकायत के लिए पोर्टल पर शिकायती नंबर के साथ-साथ संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी और जिला कार्यकारी अधिकारी के नम्बर भी डिस्प्ले किए जाएं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
[M] +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
[M] +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com